


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## चुनाव की झलकियां



हल्दी की रस्म के बीच निभाया कर्तव्य

**मैनपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में मतदान हुआ। ग्राम पंचायत भैसमुड़ी के सोबनाथ ने अपने विवाह अवसर के दौरान हल्दी रस्म के बीच में ही मतदान करने केंद्र पहुंचे। मतदान कर अपने कर्तव्य को निभाया। उसके बाद बाकी रस्में निभाईं।

### गलत मतपत्रों से मतदान

राजनांदगांव जिले के जोरातराई गांव में जनपद सदस्य पद को लेकर मतदान में गलत मतपत्र बांट दिए गए। करीबन 64 मतदाताओं द्वारा मतदान किए जाने के बाद सही मत पत्र दिया गया।

### बुजुर्ग को हार्ट-अटैक

**धमतरी।** 80 साल के बुजुर्ग मतदाता की अचानक मौत हो गई। बुजुर्ग मतदाता जैसे ही मतदान केंद्र क्रमांक 2 पर मतदान के लिए पर्ची लेने पहुंचे, वैसे ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वे वहीं गिर पड़े।

### टटेंगा में मतदान का बहिष्कार

**बालोद।** डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टटेंगा के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर। ग्राम टटेंगा में ग्राम से न तो किसी ने सरपंच प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है और न ही पंच प्रत्याशी का। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी कसही ग्राम से अलग कर स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया।

# 20 किमी का सफर पैदल तय करके मतदान करने पहुंचे ग्रामीण, लोकतंत्र में निभाई सहभागिता

पंचायत चुनाव में डाला वोट



अलग खबर

सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित, पर चुनाव में भाग लेने का जज्बा कायम

शेख हसन खान ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी के उपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति एवं आदिवासी ग्रामीण मतदान करने पैदल लगभग 20 किमी का सफर करके मतदान केंद्र पहुंचे और वोट डालकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाई।

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत पहाड़ी के उपर बसे ग्राम कुरूवापानी, ताराझर, मटाल, भालुडिग्गी के ग्रामीण सोमवार को मतदान करने कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे। यहां के ग्रामीणों को वोट डालने के लिए लगभग 20 किमी पगडंडी के सहारे रास्ते को तय करना पड़ता है। पैदल मतदान करने पहुंचे ग्रामीणों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अमली के ग्रामीणों ने तय किया 17 किमी का सफर

ब्लाक की इंदागांव ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम अमली के ग्रामीण 17 किमी पैदल यात्रा करते हुए मतदान करने पहुंचे थे। ग्रामीण मनोहर सिंह, श्यामबाई, अमर नागेश, दशरथ सोरी, दसरी बाई, पीला नेताम, अहिल्या बाई, तिजूराम, बैशाखु, खेजाबाई, मोहनी, सुकबती ने बताया कि हर पांच साल में चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा या फिर ग्राम पंचायत ग्रामीण मतदान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इन्होंने तय की 10-15 किमी की दूरी

ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम लेड़ीबहार, डडईपानी से ग्रामीण 15 किमी दूरी तय कर और ग्राम पंचायत तुहामेटा के आश्रित ग्राम कंवरआमा नारीपानी से 10 किमी दूरी तय कर पैदल मतदान करने पहुंचे। ग्राम डुमरघाट के ग्रामीण भी 18 किमी पैदल चलकर झरियाबाहरा मतदान करने पहुंचे यहां की ग्रामीणों की प्रमुख मांग सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा है, जो उन्हें अब तक नसीब नहीं हुई है।

### 'मछली पार्टी' पर हंगामा, मतदान दल पर पथराव



- ग्रापं अर्जुनी से बैरंग लौटा दल रिजर्व पार्टी ने कराया मतदान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम अर्जुनी पहुंचे मतदान दल पर कुछ लोगों ने पथराव किया। इससे मतदान दल के अधिकारी दहशत में आ गए। बिना मतदान करवाए ही वे रात में लौट आए। इसके बाद रिजर्व मतदान दल भेजकर मतदान करवाया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में धमतरी और मगरलोड ब्लाक में चुनाव हुआ। मतदान से पहले ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण, बेखौफ पहुंचे ग्रामीण

# इतिहास में पहली बार नक्सलियों ने नहीं किया चुनाव बहिष्कार, वोटिंग के लिए लंबी लाइनें

*त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले दौर का मतदान बस्तर संभाग के सभी 7 जिले के अनेक ब्लॉकों में हुआ। ग्रामीण क्षेत्र के इस चुनाव में संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों में भी ग्रामीणों ने बेखौफ होकर मतदान किया। ऐसे इलाकों में भी मतदान के लिए सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी रही। इससे पहले नक्सली चुनाव बहिष्कार का ऐलान करते रहे हैं। लेकिन इतिहास में पहली बार नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का कोई फरमान जारी नहीं किया है। इसके चलते अंदरूनी इलाकों में चुनाव लड़ने के लिए ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

झीरम कांड के लिए देश दुनिया में चर्चित बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक में 80.5 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जगदलपुर ब्लॉक में 86 फीसदी मतदान होना बताया गया है। सुकमा जिले के सुकमा ब्लॉक, बीजापुर जिले के बीजापुर ब्लॉक और दंतेवाड़ा जिले के दंतेवाड़ा और गीदम ब्लॉक में आज मतदान हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिण बस्तर के इन संवेदनशील ब्लॉकों में भी 75 से 80 प्रतिशत तक मतदान होने की खबर है।



बस्तर में 75 से 80 फीसदी मतदान की खबर







# शहरों से ज्यादा गांवों की महिलाएं जागरूक, जमकर किया मतदान

- पंचायत चुनाव का पहला चरण 53 ब्लॉक में हुआ मतदान, 20 को दूसरे चरण की तैयारी
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जमकर वोटिंग, लंबी कतारें दिखीं, बड़ी संख्या में पहुंचे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के तीन चरणों में होने वाले मतदान के पहले चरण में सोमवार को गांव-गांव में महिला मतदाताओं की जागरुकता देखने को मिली। सामान्य गांवों के साथ- साथ नक्सल प्रभावित इलाकों में भी जमकर मतदान हुआ है। इन गांवों में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के चुनावी उत्सव में अपनी भागीदारी दिखाई है। यही कारण रहा है कि पहले चरण के चुनाव में महिला वोटों की संख्या पुरुषों से अधिक रही।

दूसरी ओर हाल में हुए नगरीय निकायों के चुनाव में जहां शहरी वोटरों ने मतदान किया है, वहां महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कम रही थी। पंचायतों के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान का समय रखा गया था। मतदान केंद्रों में सुबह से ही वोटरों की कतारें देखी गई। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर यह मतदान शांति पूर्ण रहा है। खास बात ये है कि पंचायतों के चुनाव में आज ही मतदान, मतगणा और मतदान दलों की वापसी हो रही है। शाम 7 बजे तक सामने आए अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों ने 75.52 प्रतिशत तथा महिलाओं ने 76.10 प्रतिशत संख्या में वोट डाले हैं।

### सीएम साय ने कहा- लोकतंत्र हो रहा है मजबूत



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कहा कि बस्तर में गनतंत्र के ऊपर गणतंत्र की विजय हो रही है। यह उन सभी ग्रामीणों की जीत है, जिन्होंने भय को त्यागकर लोकतंत्र को अपनाया। यह सुरक्षाबलों के परिश्रम, सरकार की दूरदृष्टि और जनभागीदारी का प्रतिफल है। लोकतंत्र की इस जीत में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

### शाम 7 बजे की स्थिति में मतदान का प्रतिशत

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 अंतर्गत सोमवार को प्रथम चरण में शाम 7:00 बजे तक हुए मतदान की प्रारंभिक जानकारी सामने आई है। कई मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लाइन लगी होने के कारण मतदान जारी है मतदान के अंतिम आंकड़े अंतिम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जारी किए जाएंगे

| | | |
|---|---|---|
| पुरुष | - | 75.52 प्रतिशत |
| महिला | - | 76.10 प्रतिशत |
| औसत | - | 75.86 प्रतिशत |

### ग्रामीण महिलाएं शहरियों से आगे

खास बात ये है कि हाल ही में हुए नगरीय निकायों के चुनाव में राज्य में पुरुषों ने 73.03 प्रतिशत मतदान किया। वहीं महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 72.02 प्रतिशत रहा। इस हिसाब से देखा जाए तो राज्य की ग्रामीण महिलाएं वोट डालने को लेकर शहरियों से अधिक जागरुक व जिम्मेदार हैं।

### पहले चरण का चुनाव 53 ब्लॉक में

पहले चरण में कुल 53 ब्लॉक के पंचायत का फैसला जनता करेगी। वोटिंग के लिए 9873 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पंचायत चुनाव के लिए पहले चरण में आज 53 ब्लॉक के लिए मतदान हुआ है। पहले चरण में वार्ड पंच के लिए 60,203, सरपंच के लिए 14,646, जनपद पंचायत सदस्यों के लिए 4,587 और जिला पंचायत सदस्यों के लिए 702 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## खबर संक्षेप

### पूजा स्थल कानून की याचिकाओं पर कोर्ट खफा

**नई दिल्ली।** पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम पर कई याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ 1991 के कानून से संबंधित लंबित नोटिस के बाद की याचिकाओं पर अप्रैल में सुनवाई करेगी।



### राजदूतों ने राष्ट्रपति को सौंपा परिचय पत्र



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नेपाल और मालदीव सहित पांच देशों के राजदूतों से परिचय पत्र स्वीकार किए।

### 'कॉन्क्लेव' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

**लंदन।** थ्रिलर फिल्म कॉन्क्लेव ने रविवार को 78वें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवार्ड्स (बाफ्टा) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित चार पुरस्कार जीते। वहीं, कई तरह के विवादों में घिरी संगीतमय फिल्म 'एमिलिया परेज' ने भी कई पुरस्कार अपने नाम किए।





# महाकुंभ में आग, सेक्टर आठ के दो शिविर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ में सोमवार को श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविरों में आग लग गई, जिस पर दमकलकर्मियों ने त्वरित काबू पा लिया। महाकुंभ में यह आगजनी की पांचवीं घटना है।

**आगजनी की पांचवीं घटना**

अधिकारी ने बताया कि दोनों घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह श्री कपि मानस मंडल शिविर के दो तंबू में अचानक आग लग गई जिसके बारे में सूचना मिलते ही अग्निशमन दल तुरंत मौके पर पहुंच गया और उस पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि इसी तरह, सोमवार अपराह्न सेक्टर-आठ में उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में भी आग लग गई जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया।

### जनहानि नहीं, पर सामान जल गए

आग की चपेट में आने से कवि मानस मंडल के तीन टेंट और उपभोक्ता संरक्षण समिति के दो से तीन टेंट जलकर राख हो गए। हालांकि, घटना के समय टेंट में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन वहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और मौके की स्थिति सामान्य कर ली गई है।

### कब-कब हुई घटना

**19 जनवरी:** सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, हादसे में 180 कॉटेज जले

**30 जनवरी:** सेक्टर 22 में आग लगी थी, जिसमें 15 टेंट जले

**7 फरवरी:** सेक्टर-18 में आग लगी थी। हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, जिसमें 22 पंडाल जले

**15 फरवरी:** सेक्टर 18-19 में आग लगी। दावा किया कि नोट से भरे 2 बैग जल गए

**17 फरवरी:** सेक्टर-8 में आग लगी। इस पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

### सवा करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

महाकुंभ में सोमवार को शाम तक 1.23 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए। प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला गया है। वाहनों को संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोका जा रहा है, जिससे लोगों को संगम तक पैदल ही जाना पड़ रहा है।

# तुमरीगुड़ा व पाहुरनार में पहली बार मतदान





ट्रैक्टर में पहुंचे मतदाता

- इंद्रावती नदी पर पुल बनने के बाद पहली बार मतदान
- महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह छोटे बच्चों को गोद में लेकर पहुंची

इससे पूर्व तक धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा मतदान करने वालों की उंगलियां काटने तथा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। वहीं आज ट्रैक्टरों में भरकर मतदाता पहुंचे मतदान केन्द्रो तक और बढ़-चढ़ मतदान किया। नक्सलगढ़ में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**जगदलपुर/गीदम।** दंतेवाड़ा जिले का तुमरीगुड़ा व पाहुरनार दो ऐसे गांव है जहां इससे पूर्व तक इक्का दुक्का मतदाता ही नाव से बारसूर आकर मतदान किया करते थे लेकिन इन्द्रावती नदी में पुल बनने के बाद तस्वीर बदली हुई नजर आई यहां मतदाताओं ने बेखौफ होकर अपने गांव में पहली बार मतदान किया। मतदान के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस गांव में पहली बार जिला और जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच का चुनाव हो रहा है। तुमरीगुड़ा गांव के मतदाताओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

▶▶ शेष पेज 4 पर

## भाजपा ने बोला हमला, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा

# सैम बोले- चीन भारत का दुश्मन नहीं, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने एक बड़ा दावा करके नया विवाद खड़ा कर दिया है। सैम पित्रोदा ने कहा है कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। उनका कहना है कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। पित्रोदा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सभी देशों को एक साथ आने का समय


कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है। हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा।



**भाजपा ने कांग्रेस पर बोला हमला:** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस की 'मोहब्बत की दुकान' राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए है। त्रिवेदी ने कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा के लिए झटका है और उनके बयानों से ऐसा लगता है कि भारत हमलावर है। उन्होंने कहा, साफ है कि यह कांग्रेस पार्टी द्वारा चीन के साथ किए गए समझौते की अभिव्यक्ति है।

### जयराम बोले- यह कांग्रेस के विचार नहीं

कांग्रेस नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि, सैम पित्रोदा का बयान पार्टी के विचार नहीं हैं। एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- सैम पित्रोदा की तरफ से चीन पर व्यक्त किए गए विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। चीन हमारी सबसे बड़ी विदेश नीति, बाहरी सुरक्षा और साथ ही आर्थिक चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट देना भी शामिल है।


जनता का विश्वास,
भाजपा की विजय!
श्री राजेश मूणत जी
के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी रणनीति और कड़ी मेहनत से
भाजपा की रायपुर में ऐतिहासिक जीत...
श्रीमती मीनल चौबे को रायपुर महापौर
निर्वाचित होने एवं समस्त
विजयी पार्षदों को हार्दिक बधाई !
Lalganga
SINCE - 1989
शुभकामनाओं सहित...
अशोक पटवा, कमल पटवा , ललित पटवा
एवं समस्त पटवा परिवार, रायपुर



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## प्रदेश में 25.49 लाख किसानों ने बेचा 149.24 लाख मीट्रिक धान

*10 फरवरी की स्थिति में 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने 1 करोड़ 49 लाख 24 हजार 709 मीट्रिक टन धान बेचा है। जबकि 17 जनवरी की स्थिति में 23 लाख 79 हजार 996 किसानों ने 131,822,96 मीट्रिक टन धान बेचा था। 31 जनवरी को खरीदी समाप्त हो गई। इस प्रकार 23 दिनों में 16 लाख 99 हजार 596 किसानों ने 17 लाख 42 हजार 412.04 मीट्रिक टन धान बेचा। इसका पैसा किसानों को अब तक जारी नहीं हुआ था। सोमवार को कुछ किसानों को राशि जारी की गई है। बता दें कि 7 फरवरी को छत्तीसगढ़ शासन ने 800 रुपए अंतर की राशि भी जारी की है, ये उन किसानों को मिला है, जिन्होंने अपना धान पहले बेचा। 14 और 15 फरवरी को भी अंतर की राशि जारी की गई है।*

### *2739 समितियों के माध्यम से हो रही थी खरीदी, संग्रहण केंद्रों में 35.55 लाख मीट्रिक टन धान डंप*

*बता दें कि सरकार ने 15 नवंबर से 31 जनवरी के मध्य धान की खरीदी की है। वर्तमान में 2739 खरीदी केंद्रों में 35.33 लाख मीट्रिक टन अब भी पड़ा हुआ है। इनका उठान नहीं हो पाया है। 29.42 लाख मीट्रिक टन धान अलग-अलग जिलों में बनाए गए संग्रहण केंद्रों में पहुंचाया गया है। वहीं मिलिंग की बात करें तो मिलिंग के बाद 7.54 लाख टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम और 2.19 लाख टन चावल भारतीय खाद्य निगम में जमा कराया गया है। यह खुल खरीदी का 10 प्रतिशत भी नहीं है। इस प्रकार उठाव और मिलिंग का काम प्रभावित है।*

# *17 लाख किसानों के अटके थे 3000 करोड़ निगम चुनाव निपटते ही जारी हुए 1000 करोड़*

**17 जनवरी से 31 जनवरी तक धान बेचने वाले किसानों को नहीं मिला था भुगतान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

धान खरीदी समाप्त हो गई है। 25.49 लाख किसानों ने 31 जनवरी तक डेढ़ लाख मीटिरिक टन से अधिक धान बेचा है। खरीदी के समय किसानों को समर्थन मूल्य की राशि मिलती रही। लेकिन 17 से 31 जनवरी के बीच धान बेचने वाले करीब 17 लाख किसानों 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम नहीं मिली। नगरीय निकाय चुनाव निपटते ही अब किसानों को पैसा देना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर दो दिन पहले 1000 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार सोमवार को करीब महीनेभर बाद करीब 1 हजार करोड़ रुपए ▶▶|शेष पेज 4 पर

अलग खबर

### निकाय चुनाव के बाद किसानों को राहत

महीनेभर बात इसमें से 1 हजार करोड़ रुपए जारी किया गया है। इसमें भी बड़ी संख्या में किसानों को भुगतान नहीं हो पाया है। पड़ताल में एक और बात सामने आई है कि खाद्य विभाग ने प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बैंक से लोन की स्वीकृति 145 लाख टन के लिए ली गई थी। जबकि 31 जनवरी की स्थिति में प्रदेश में 149.24 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो गई थी। इस प्रकार सरकार के पास इस अतिरिक्त खरीदी का भुगतान करने के लिए पैसे का इंतजाम किया जाना था। मार्कफेड ने पुनः प्रस्ताव तैयार कर अतिरिक्त धान खरीदी के लिए स्वीकृति ली। बैंक से लोन की प्रक्रिया की। इसके महीनेभर बाद यह राशि जारी हुई है।

विष्णुदेव साय ने तत्काल पैसा देने के दिए निर्देश, इसके बाद जारी हुई राशि



### 2000 करोड़ रुपए का आना अभी बाकी

हमारे पास पैसा मार्कफेड के माध्यम से आता है। 17 जनवरी के बाद से पैसा नहीं आ रहा था। सोमवार को प्रदेश के लिए करीब 1 हजार करोड़ की राशि जारी की गई है। लगभग 2 हजार करोड़ और आना है। दुर्ग जिले में 118 करोड़ भेजा गया है। 230 करोड़ के करीब अभी और आना है।

*-एसके जोशी, सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### खेलते समय गोली चली मासूम की गई जान




**मांड्या।** कर्नाटक के मांड्या जिले के नागमंगला तालुक में खेलते समय 15 वर्षीय एक लड़के से दुर्घटनावश बंदूक से गोली चल गई। इससे चार वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक की पहचान अभिजीत के रूप में हुई है जो प. बंगाल से आये प्रवासी मजदूर का बच्चा था।

### बैठक कल, 20 को शपथ लेंगे दिल्ली के नए सीएम




**नई दिल्ली।** दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिपरिषद के रामलीला मैदान में 20 फरवरी को शपथ लेने की संभावना है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

### गृह मंत्री के बेटे के नाम से मांगे पैसे, केस दर्ज



**हरिद्वार।** खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बेटा बताकर हरिद्वार के एक विधायक से फोन पर पांच लाख रुपए मांगने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। भाजपा के विधायक आदेश चौहान की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी है। अज्ञात फोन नंबर से चौहान के मोबाइल फोन पर कॉल आई।

### मुरीगंगा नदी में डूब गया बांग्लादेशी जहाज



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बज बज से बांग्लादेश के लिए 'फ्लाई ऐश' लेकर जा रहा एक जहाज दक्षिण 24 परगना जिले के मुरीगंगा नदी में रेत के टीले से टकराने के बाद डूब गया। जहाज को खाली करने के बाद उसे पड़ोसी देश ले जाया जाएगा। जहाज के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

### बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा का मिला शव



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा ने छात्रावास में आत्महत्या कर ली। संस्थान के परिसर में तनाव है। छात्रा की पहचान नेपाल की प्रकृति लामसाल के रूप में हुई है। 'कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी' के रजिस्ट्रार ने बताया कि वह संस्थान में बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा थी।

**मोक्षित कार्पोरेशन के घोटाले से जुड़ा है मामला, एमडी की चिट्ठी पर मिली विभागीय सहमति**

# ईओडब्ल्यू के एक्शन के बाद दवा निगम में सर्जरी एमडी ने संदेही अफसरों को हटाने लिखा पत्र

*करोड़ों रुपए के रीएजेंट घोटाले में आरोपों के घेरे में दवा कार्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों की मूल विभाग में वापसी होगी। ईओडब्ल्यू की जांच और मेडिकल कालेज सहित हेल्थ सेंटरों की डिमांड पूरी करने के तर्क के साथ सीजीएमएससी की एमडी ने अफसरों को बदलने शासन को चिट्ठी भेजी थी जिस पर सहमति मिल चुकी है। ईओडब्ल्यू इस घोटाले के मामले की जांच कर रहा है।*

**ईओडब्लू की जांच और हेल्थ सेंटरों की डिमांड की पूरी करने बदलाव का दिया गया हवाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोक्षित कार्पोरेशन के साथ मिली भगत कर करोड़ों के घोटाले को अंजाम देने में सीजीएमएससी से जुड़े तात्कालीन अधिकारी बराबर के जिम्मेदार हैं। ईओडब्ल्यू इस मामले की जांच कर रही है और अब तक घोटाले के सूत्रधार माने जाने वाले मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

हरिभूमि फॉलोअप

इस मामले में आने वाले दिनों में और बड़ी कार्रवाई होने का संभावना है। इधर घोटाले की वजह से बदनाम हो चुके दवा कार्पोरेशन में भी बड़ा बदलाव की तैयारी चल रही है। इसमें उन अफसरों को उनके मूल विभाग वापस भेजने की तैयारी में है जो घोटाले के मामले में संदेह के दायरे में हैं और ईओडब्लू जिनसे पूछताछ कर चुकी है।

एक्शन

### बदले जाएंगे ये अफसर

जिन अफसरों की मूल विभाग में वापसी की जानी है उनमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन से आए सहायक नियंत्रक तथा दवा कार्पोरेशन में उप प्रबंधक (क्रय एवं संचालन उपकरण) सह प्रभारी महाप्रबंधक (उपकरण) कमलकांत पाटनवार, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय दुर्ग और कोरिया से आए बायोमेडिकल इंजीनियर क्षिरौद्र रौतिया और दीपक कुमार शामिल हैं। इन्हें मूल विभाग में वापस भेजा जाएगा और उन पदों पर दूसरे अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापना की जाएगी।



लगातार खुलासों के बाद मोक्षित कारपोरेशन को तीन साल के लिए किया बैन

अंततः, मोक्षित कार्पोरेशन ब्लैक लिस्टेड, दवा निगम ने माना 789 उपकरण बिगड़े, 215 इंस्टाल ही नहीं

ईओडब्लू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

जिस ईडीटीए ट्यूब को दवा निगम ने 2352 में खरीदा, वो हरिभूमि को 1 रुपए 70 पैसे में मिला

रीएजेंट पर बड़ा एक्शन, मोक्षित के दर्जनभर ठिकानों पर छापे, 660 करोड़ का मामला

### दूसरे अफसर लाए जाएंगे

इस जांच की वजह से प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों और बड़े अस्पतालों में रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। लोकहित का हवाला देकर आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए जांच के दायरे में आए अधिकारियों का स्थानांतरण कर दूसरे अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर लाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सीजीएमएससी की महाप्रबंधक ने बदलाव के लिए शासन को पत्र भेजा था जिस पर मुहर लग चुकी है।

### मोक्षित का एमडी जेल में

मामले में मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी शशांक चोपड़ा न्यायिक रिमांड पर जेल में है। ईओडब्ल्यू ने उसे 28 जनवरी को गिरफ्तार किया था और दो दौर में रिमांड पर लेकर मामले में पूछताछ करने के बादस 10 फरवरी को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया था। इस मामले में मिलीभगत करने वाले कुछ अन्य कंपनियों के कर्ताधर्ताओं ने अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी जिसे पिछले दिनों न्यायालय द्वारा खारिज किया जा चुका है। मामले में आरोपों से घिरे कई अफसर घोटाले के बाद दवा कार्पोरेशन से अपने मूल विभाग में वापस लौट चुके हैं।

### प्रक्रिया चल रही

लोकहित में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण और रीएजेंट उपलब्ध करना आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए उपकरण शाखा में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों का तबादला कर नई नियुक्ति का अनुरोध किया गया था। इसकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**-पद्मिनी भोई साहू,** महाप्रबंधक सीजीएमएससी

**पीएम की अगुवाई वाली बैठक में फैसला**

# ज्ञानेश कुमार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुई बैठक में अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार के नाम पर मुहर लगी है। अगले सीईसी के तौर पर नियुक्ति के लिए कानून मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी पिछले साल मार्च से चुनाव आयुक्त के रूप में काम कर रहे हैं। मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के रिटायरमेंट के बाद वह पदभार ग्रहण करेंगे, जो 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक सेलेक्शन कमेटी द्वारा नाम तय किया जाता है।

### नई प्रक्रिया से पहली नियुक्ति

हालांकि, ज्ञानेश कुमार नई नियुक्ति प्रक्रिया के तहत नियुक्ति पाने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उनके नाम को अंतिम रूप दिया और राष्ट्रपति को इसकी सिफारिश की।

### राजीव का कार्यकाल और रिटायरमेंट

15 मई 2022 को 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने वाले राजीव कुमार अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐतिहासिक चुनावों की देखरेख करने के बाद 18 फरवरी को पद छोड़ देंगे। वे 2022 में 16वें राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ 11 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार रहे।

### कांग्रेस ने नई नियुक्ति टालने की मांग की थी

इससे पहले, सोमवार शाम कांग्रेस ने सरकार से मांग की थी कि चीफ इलेक्शन कमिश्नर के चयन की बैठक तब तक के लिए टाल दी जानी चाहिए थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई न हो जाए। रोचक बात यह है कि कांग्रेस के बयान से पहले हुई चयन समिति की बैठक में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने भी बैठक में हिस्सा लिया था।

# दिल्ली की धरती डोली, बिहार ओडिशा में भी भूकंप के झटके



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/पटना

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप से फिलहाल किसी प्रकार की क्षति होने या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इधर, बिहार-ओडिशा में भी झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में भी भूकंप की खबर है। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के झील पार्क क्षेत्र में पांच किलोमीटर की गहराई पर था और वहां कुछ लोगों को भूकंप के बाद तेज आवाजें सुनाई देने की खबरें हैं। भूकंप के झटके सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए।

■ घरों से बाहर निकल आए रहवासी

### पीएम बोले- सतर्क रहें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उन्होंने सभी से शांत रहने और सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह किया, साथ ही संभावित झटकों के लिए सतर्क रहने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।

### ऐसी तीव्रता

- दिल्ली-एनसीआर- 4.0
- सिक्किम- 2.3
- ओडिशा का पुरी- 4.7
- बिहार का सीवान- 4.0
- हरियाणा- 4.0
- बांग्लादेश- 3.5

### प्राकृतिक बदलाव का परिणामः वैज्ञानिक

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह आया भूकंप इस क्षेत्र की भूगर्भीय विशेषताओं में प्राकृतिक रूप से होने वाले बदलाव का परिणाम है, न कि प्लेट टेक्टोनिक्स के कारण ऐसा हुआ। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ओ.पी. मिश्रा ने कहा कि धौला कुआं क्षेत्र में 2007 में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था। हालांकि, इसका प्रभाव सोमवार के भूकंप जितना तीव्र नहीं था क्योंकि इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था।

## लीजेंड 90 लीग : छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने जीती ट्रॉफी




**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 12 दिनों से चल रहे लीजेंड 90 लीग के फाइनल में सोमवार को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स चैंपियन बनी। रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान को 2 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंतिम गेंद तक चले इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने बेहतरीन बल्लेबाजी और रणनीति से जीत दर्ज की और दर्शकों को एक ऐतिहासिक मैच का हिस्सा बनने का मौका मिला।

**कोर्ट से जमानत पर छूटे**

# धर्मांतरण को लेकर अमलेश्वर में बवाल, तीन की गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग के अमलेश्वर थाना अंतर्गत धर्मांतरण के एक मामले को लेकर सोमवार को भी बवाल मचा रहा। पुलिस ने इस मामले में अयोध्या नगर निवासी मीनाक्षी शर्मा की शिकायत पर डॉ. विनय साहू, कृष्णकांत कुर्रे और ढाल सिंह साहू को आरोपी बनाया है। उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि धर्मांतरण को लेकर कुछ लोगों ने थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया कि डॉ. विनय साहू 16 फरवरी रविवार दोपहर 1 बजे के करीब अपने घर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। इस सभा में वह ईसाई धर्म से जुड़े दो अन्य लोगों को लेकर पहुंचे गए थे। वे लोग प्रार्थना सभा में प्रभु ईशु का बखान कर रहे थे। धर्मांतरण ▶▶|शेष पेज 4 पर

### *जारी है जांच*

*थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। बहरहाल मामले में जांच की जा रही है।*

**मुख्यमंत्री के साथ मंत्री, सांसद और विधायक बने हैं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य**

# छग के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य अध्यक्ष के चुनाव में बनेंगे प्रस्तावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई हैं। इस माह के अंत में या फिर मार्च के पहले सप्ताह में नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरे जाने की संभावना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देशभर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले इस साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन के चुनाव हो चुके हैं। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है।

### इनको मिलेगा प्रस्तावक, समर्थक बनने का मौका



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद से सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं।

## चिंतन

# बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब, निर्यात पर हो जोर

आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल व मेक इन इंडिया कार्यक्रम के दौर में भारत का बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब है। देश से वस्तुओं का निर्यात जनवरी में 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। जनवरी, 2024 में यह 37.32 अरब डॉलर था। वहीं आयात जनवरी, 2024 के 53.88 अरब डॉलर की तुलना में पिछले महीने 10.28 प्रतिशत बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। अभी भारत को अमेरिका के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए दबाव का सामना करना पड़ रहा है और भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ आयद करने की चेतावनी दी गई है, जबकि भारत खुद चीन समेत कई देशों के साथ व्यापार घाटे का सामना कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 माह यानी अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 1.39 प्रतिशत बढ़कर 358.91 अरब डॉलर और आयात 7.43 प्रतिशत बढ़कर 601.9 अरब डॉलर रहा है। आंकड़े बता रहे हैं कि भारत निर्यात का दोगुना आयात कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था का आयात पर निर्भरता बढ़ना उचित नहीं है। भारत को अधिक से अधिक चीजों के उत्पादन पर ध्यान देना होगा, आयात समाधान नहीं है। अपने उद्योगों के लिए कच्चेमाल की आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भरता कम करनी होगी। जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटा की स्थिति कहते हैं। इसके विपरीत जब कोई देश आयात की तुलना में निर्यात अधिक करता है तो उसे ट्रेड सरप्लस की स्थिति कहते हैं। चीन, स्विट्ज़रलैंड, सऊदी अरब, इराक, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, नाइजीरिया, कतर, रूस, जापान और जर्मनी के साथ भारत का व्यापार घाटा अधिक है। अमेरिका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग, नीदरलैंड्स, वियतनाम और श्रीलंका के साथ भारत का ट्रेड सरप्लस है। व्यापार घाटे का सीधा असर देश की आर्थिक स्थिति विशेषकर चालू खाते, रोज़गार सृजन, विकास दर और मुद्रा के मूल्य पर पड़ता है। यदि किसी देश का व्यापार घाटा लंबे समय तक बना रहता है तो उस देश की जीडीपी दर, नए रोज़गार, और मुद्रा के मूल्य पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। दरअसल, चालू खाते में एक बड़ा हिस्सा व्यापार संतुलन का होता है तथा जब व्यापार घाटा बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ जाता है। चालू खाता घाटा विदेशी मुद्रा के देश में आने और बाहर जाने के अंतर को दर्शाता है। निर्यात के ज़रिये विदेशी मुद्रा अर्जित होती है, जबकि आयात से विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। इसलिए आयात को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अधिक आयात का मतलब विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक बोझ। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भी भारत के शुल्क ढांचे के खिलाफ ईयू, चीन, जापान, कनाडा, रूस समेत कई देशों ने शिकायत की थी। शिकायत में भारत द्वारा निर्यातकों को सब्सिडी देने की योजना को डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन माना है। इस बीच अमेरिकी दबाव बढ़ा है, ऐसे में भारत के लिए आयात कम करके निर्यात बढ़ाना एक बड़ी चुनौती होगी। हमें अपनी घरेलू बाजार क्षमता का दोहन करना चाहिए व हमें निर्यात बढ़ाने के उपाय करने चाहिए, जीएसटी रिफंड की कठिनाई दूर करनी चाहिए। निर्यात प्राथमिकता वाले क्षेत्र में हो। ग्लोबल ट्रेड मंच व एफटीए का विस्तार हो। अफ्रीकन, सार्क, आसियान, ब्रिक्स देशों में निर्यात बढ़ाने के अवसर हैं। हाईटेक निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण
योगेश कुमार गोयल

# भूकंप बड़े संकट की आहट तो नहीं

कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। ऐसे में सवाल है कि भूकंप से बचाव के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

दिल्ली-एनसीआर में 17 फरवरी की सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटकों ने अचानक लोगों की नींद उड़ा दी और दहशत में लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी और ऐसा लगा मानो कोई बम ब्लास्ट हुआ हो। हालांकि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, नई दिल्ली में आया भूकंप रिक्टर स्केल पर 4.0 तीव्रता वाला ही था लेकिन इसका केंद्र नई दिल्ली में जमीन से केवल पांच किलोमीटर की गहराई पर ही था, इसीलिए इसकी गहराई कम होने और केंद्र दिल्ली में होने के कारण ही दिल्ली-एनसीआर में इसे ज्यादा महसूस किया गया। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी, पेड़ों पर बैठे पक्षी भी तेज आवाज के साथ इधर-उधर उड़ने लगे और लोग खौफ के साये में अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, कई वर्षों के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा और इसी कारण यहां लोगों को भूकंप के झटके काफी देर तक महसूस हुए। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली के धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। राहत की बात यही है कि भूकंप के झटकों से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन लोगों के मन में सवाल यही है कि कहीं दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत में हल्के और मध्यम भूकंप के झटके हिमालय क्षेत्र में किसी बड़े भूकंप की आशंका को तो नहीं बढ़ा रहे।

दरअसल कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि ऐसा भीषण भूकंप कब आएगा, इस बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कोई सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। दरअसल भूकंप के पूर्वानुमान का न तो कोई उपकरण है और न ही कोई मैकेनिज्म। दिल्ली में बड़े भूकंप के खतरे को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग के भूकंप रिस्क असेसमेंट सेंटर द्वारा कुछ समय पहले दिल्ली-एनसीआर में इमारतों के मानक में शीघ्रातिशीघ्र बदलाव किए जाने का परामर्श दिया गया था। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आ रहे भूकंपों को लेकर अध्ययन चल रहा है। उनका कहना है कि इसके कारणों में भू-जल का गिरता स्तर भी एक प्रमुख वजह सामने आ रही है, इसके अलावा अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दिल्ली की ऊंची-ऊंची आलीशान इमारतें और अपार्टमेंट किसी बड़े भूकंप को झेलने की स्थिति में हैं?

विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में बार-बार आ रहे भूकंप के झटकों से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर के फॉल्ट इस समय सक्रिय हैं और इन फॉल्ट में बड़े भूकंप



की तीव्रता 6.5 तक रह सकती है। इसीलिए विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि बार-बार लग रहे भूकंप के इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मानते हुए दिल्ली को नुकसान से बचने की तैयारियां कर लेनी चाहिए। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में निरन्तर लग रहे झटकों को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट भी कई बार कड़ा रूख अपना चुका है। हाईकोर्ट ने कुछ समय पहले दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, दिल्ली छावनी परिषद, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि तेज भूकंप आने पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? अदालत द्वारा चिंता जताते हुए कहा गया था कि सरकार और अन्य निकाय हमेशा की भांति भूकंप के झटकों को हल्के में ले रहे हैं जबकि उन्हें इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। अदालत का कहना था कि भूकंप जैसी विपदा से निपटने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि भूकंप से लाखों लोगों की जान जा सकती है। दिल्ली सरकार तथा एमसीडी द्वारा दाखिल किए गए जवाब पर सख्त टिप्पणी करते हुए अदालत यहां तक कह चुकी है कि भूकंप से शहर को सुरक्षित रखने को लेकर उठाए गए कदम या प्रस्ताव केवल कागजी शेर हैं और ऐसा नहीं दिख रहा कि एजेंसियों ने भूकंप के संबंध में अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन किया हो। दिल्ली-एनसीआर भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। इसीलिए अदालत को कहना पड़ा था कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा बल्कि सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ठोस काम करने की जरूरत है। वास्तविकता यह है कि पिछले कई वर्षों में भूकंप से निपटने की तैयारियों के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हुई है।

दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ समय में आए भूकंप के ज्यादातर झटके भले ही रिक्टर पैमाने पर कम तीव्रता वाले रहे हों और 17 फरवरी को आया भूकंप भी रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का ही रहा हो किन्तु इस भूंकप के जोरदार झटकों ने जिस कदर लोगों को खौफजदा कर दिया, ऐसे में भूकंप पर शोध करने वाले ऐसे झटकों को बड़े खतरे की आहट मान रहे हैं। इसीलिए अधिकांश भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर की इमारतों को भूकंप के लिए तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि बड़े भूकंप के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। एक अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में करीब 90 फीसदी मकान क्रंकीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसदी हिस्सा जोन-5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकंप को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि करीब 2.25 करोड़ आबादी वाली दिल्ली में प्रतिवर्ग किलोमीटर दस हजार लोग रहते हैं और कोई बड़ा भूकंप 300-400 किलोमीटर की रेंज तक असर दिखाता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की तीव्रता की अधिकतम सीमा तय नहीं की गई है। हालांकि रिक्टर स्केल पर 7 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप को अधिक खतरनाक माना जाता है। रिक्टर स्केल पर 2 या उससे अधिक तीव्रता वाला भूकंप 'सूक्ष्म भूकंप' कहलाता है, जिसके झटके सामान्यतः महसूस नहीं होते। 4.5 की तीव्रता वाले भूकंप घरों को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं। बहरहाल, यहां सवाल यह है कि निरन्तर आ रहे भूकंप को रोका कैसे जाए और इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आस्था

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# महाकुंभ के दौरान साठ करोड़ ने संगम में क्यों लगाई डुबकी

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में माघ पूर्णिमा के दिन जब मैं डुबकी लगा रहा था तो मेरे इर्द-गिर्द हजारों, लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों लोग स्नान कर अपने को पुण्यभागी मान रहे थे। अब तक कुल मिलाकर करीब साठ करोड़ लोग महाकुंभ स्नान कर चुके हैं। दो दिन तक प्रयागराज प्रवास और फिर लौटते हुए यही प्रश्न मन-मस्तिष्क में कौंध रहा है कि देश की आधी आबादी महाकुंभ में क्यों पहुंच गई है। आखिर साठ करोड़ लोगों ने कुंभ में डुबकी क्यों लगाई है? अपने आपसे यह प्रश्न पूछ रहा हूं और इसका जवाब हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। जीवन के सत्तर बरसों में आज तक बहुत कम ऐसे प्रश्न खड़े हुए हैं, जिनका समुचित उत्तर पाने के लिए इतना सोचना पड़ रहा हो। कई बार अर्ध कुंभ एवं कुंभ दर्शन किए हैं पर 144 साल बाद आया महाकुंभ तो हैरत में डाल रहा है। सोच रहा हूं क्या महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन है? अपने ही अन्तर्मन से जवाब मिलता है-नहीं...नहीं... यह तो सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण धारा, आस्था की शक्ति और मोक्ष की ओर बढने का अद्भुत साधन है। यह हमारी उन परंपराओं का प्रतीक और प्रमाण है, जो सदियों की गुलामी और समय के थपेड़ों के बावजूद आज भी जीवित हैं। संसार में कई सभ्यताएं मिट गईं लेकिन भारतीय संस्कृति का अस्तित्व अपनी मूल आत्मा के साथ आज भी बरकरार है। यह महाकुंभ न केवल धार्मिक जागरूकता का प्रतीक है बल्कि भारतीय समाज की एकता, समरसता और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। मैंने प्रयागराज में संगम पर विभिन्न प्रांतों से पधारे देशवासियों से चर्चा की। निष्कर्ष यह निकला कि उनके लिए महाकुंभ में स्नान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशुद्धि और मोक्ष की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण भी है। मेरे आसपास जैसे ही श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के महासंगम में डुबकी लगाई, उनके चेहरे के भावों से ऐसा लगा-जैसे उन्हें जीवन का सर्वोच्च आनंद प्राप्त हो गया हो। मैंने केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, गुजरात और तमाम राज्यों से आए श्रद्धालओं को अपनी तकलीफें और जीवन की परेशानियां भूलकर एक नई ऊर्जा से भरते हुए देखा। मैंने उन्हें देख यह महसूस किया कि यही सनातन धर्म की शक्ति है जहां आस्था और विश्वास से हर कठिनाई छोटी लगने लगती है।

क्या महाकुंभ केवल एक उत्सव है, कुछ श्रद्धालुओं से पूछा तो वह बोले- महाकुंभ हमें आत्मचिंतन और आत्मबोध की प्रेरणा भी देता है। हम इसे मात्र तीर्थयात्रा नहीं मानते बल्कि इसे जीवन को बदलने वाली आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अनुभव करते हैं। मुझे प्रयागराज में ऐसे संतों के दर्शन हुए जिन्हें कुछ भी नहीं चाहिए था और ऐसे सांसारिक लोग भी मिले जिन्हें बहुत कुछ पाने की चाह थी। कई लोग जीवन की आपाधापी से परेशान होकर मानसिक शांति की तलाश में आए थे तो कुछ लोग यात्रा के तमाम कष्ट उठा कर केवल इस दिव्य तीर्थ अनुभव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे हैं। हर तरफ अपार जन ज्वार देखकर एक बात समझ में आई कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की जीवंतता, इसकी गहराई और व्यापकता का सबसे बड़ा प्रमाण है। महाकुंभ प्रेम, अपनत्व और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करता है। प्रयागराज में हर कोई जाति, धर्म, वर्ग और सामाजिक स्थिति से ऊपर उठकर केवल श्रद्धालु बनकर ही आया है। महाकुंभ पर्व ने बता दिया है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत हैं जो सफलता से खड़ी हैं। महाकुंभ राष्ट्र की मजबूती का प्रतीक भी बनकर उभरा है। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए हैं। एक आम श्रद्धालु से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक। महाकुंभ में न जाति का भेद दिखता है, न ऊंच-नीच का अंतर। हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, समाज या वर्ग से हो, समान भाव से महासंगम में स्नान कर रहा है। इस प्रकार महाकुंभ ने हमारे समाज की एकता और भाईचारे का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसमें देश के व्यावसायियों, उद्योगपतियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने केन्द्र व राज्य सरकार, संतों और अखाड़ों के साथ कदम से कदम मिलाकर सुविधाओं का विस्तार करके नए आयाम स्थापित किए हैं। यूपी सरकार के अनुसार इस महा आयोजन से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और लगभग तीन लाख करोड़ का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपनी श्रद्धा से करोड़ों रुपये खर्च कर भंडारे और सेवा शिविर लगाएं हैं, जिससे लाखों लोगों को भोजन और आवश्यक सुविधाएं मिली हैं।

(लेखक चिंतक, शिक्षाविद् व वक्ता हैं। डीयू में 44 वर्ष तक प्रोफेसर रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

# मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप-मोदी ने तैयार किया एआई विकास का रोडमैप

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जिस गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अपेक्षा के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका के साथ अपने कारोबारी, कूटनीतिक एवं तकनीकी विकास से संबंधित हितों की जोरदार पैरवी की। एफ-35 लड़ाकू विमान पर डील और मुंबई आतंकी हमले से संबंधित कुख्यात आतंकी तहव्वुर राणा को प्रत्यपित करने का फैसला इस बैठक की बड़ी कामयाबी मानी जा सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में साथ मिलकर प्रगति करने को लेकर जो सहमति बनी है, वह निश्चय ही सराहनीय और भविष्य की कई उम्मीदें जगाने वाली है।

*- विकास गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### गांव की आर्थिकी मजबूत हों



किसी गांव या गांवों के समूह में एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए, जहां खेतों में सूक्ष्म उद्योग हों और जो कृषि उपज में मूल्य जोड़ते हों, जो पशुधन और उत्पादित दूध में मूल्य जोड़ते हों। इससे एक स्थायी समाज विकसित करने में मदद मिलेगी। सूक्ष्म उद्योगों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### एक आदर्श राजनेता कर्पूरी



देश में जब भी सामाजिक न्याय और पिछड़े व वंचित वर्गों के अधिकारों की बात होती है, तो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर जी का नाम सदैव सम्मान के साथ लिया जाता है। वे एक आदर्श राजनेता रहे। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कर्पूरी को विनम्र श्रद्धांजलि



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर जी वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी


### कार्यकर्ता निराश न हों



दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर 'राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा' ही बनकर रह गया। बसपा कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और पूरे जोर-शोर से आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें। -मायावती, बसपा प्रमुख

## करंट अफेयर


# द. कोरिया ने डीपसीक के एआई ऐप पर लगाई रोक




चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' के चैटबॉट ऐप को डाउनलोड करने पर दक्षिण कोरिया में अस्थाई तौर पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' को लेकर चिंताएं हैं कि यह बेहद संवेदनशील जानकारी एकत्र कर रहा है। दक्षिण कोरिया के व्यक्तिगत सूचना संरक्षण आयोग ने कहा कि 'डीपसीक' के ऐप को शनिवार शाम को 'एप्पल' के ऐप स्टोर और 'गूगल प्ले' के स्थानीय संस्करणों से हटा दिया गया है। आयोग ने कहा कि कंपनी ने ऐप को पुनः लॉन्च करने से पहले गोपनीयता सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए एजेंसी के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की है। यह कार्रवाई उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित नहीं करेगी जिन्होंने पहले से ही अपने फोन पर 'डीकसीक' डाउनलोड कर लिया है या जो इसे निजी कंप्यूटर पर इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण कोरियाई आयोग के जांच प्रभाग के निदेशक नैम सेओक ने देश में डीपसीक के उपयोगकर्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने मोबाइल से ऐप को हटा दें या जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उन उपकरणों में व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें जिसमें इन्हें डाउनलोड किया गया है।

## ऑफ बीट

# पालतू जानवरों को प्रभावित करेगा जलवायु परिवर्तन



तापमान का रिकार्ड दर्ज करने की शुरूआत के बाद से पृथ्वी ने अपने सबसे गर्म महीने का अनुभव किया है और ऑस्ट्रेलिया अब अल नीनो से प्रेरित गर्मियों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। अत्यधिक गर्मी न केवल मनुष्यों के लिए चुनौतीपूर्ण है - यह हमारे प्यारे पालतू जानवरों के लिए भी कष्टप्रद होती है। जिस शोध में मैं शामिल था उसमें इस बात की जांच की गई कि जलवायु परिवर्तन पालतू जानवरों सहित सभी जानवरों को कैसे प्रभावित करता है। यह पालतू जानवरों पर ही नहीं बल्कि जंगली और पालतू जानवरों दोनों पर लागू होता है। मछलियाँ 'एक्टोथर्म्स' होती हैं - यानी, वे अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए गर्मी के बाहरी स्रोतों का उपयोग करती हैं। इसलिए पालतू मछलियाँ आपके घर के एक्वेरियम के पानी के तापमान में बदलाव के प्रति संवेदनशील होती हैं, जो गर्मी के दौरान हो सकता है। पानी का अत्यधिक तापमान मछलियों को शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है। उदाहरण के लिए, यह मछली की चयापचय दर को बढ़ा सकता है - जिसका अर्थ है कि उसे सांस लेने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह धीमी वृद्धि और कम भोजन जैसे परिवर्तन भी पैदा कर सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बाफ्टा से चूकी ऑल वी इमेजिन एज लाइट, किसी विशेष फिल्म का नहीं रहा दबदबा

# बेस्ट फिल्म बनी कॉन्क्लेव एमिलिया पेरेज भी जीती...

**लंदन।** सिनेमा की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक 78वां ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) आखिरकार लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में शुरू हुआ, जिसमें अभिनेता डेविड टेनेंट लगातार दूसरे वर्ष मेजबान के रूप में लौटे। 78वें वार्षिक समारोह में बाफ्टा में किसी विशेष फिल्म का दबदबा नहीं रहा। इसके बजाय कॉन्क्लेव ने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म', 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म', 'सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा' और 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए पुरस्कार जीते। वहीं, चार बाफ्टा पर 'द ब्रूटलिस्ट' बराबरी पर रही। अन्य फिल्में जिन्होंने यादगार रातें मनाईं, उनमें माइकी मैडिसन के साथ एनोरा शामिल है, जिसने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' का पुरस्कार जीता और फिल्म को 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए मान्यता दी गई।






## 'बाफ्टा 2025' के विजेताओं की पूरी लिस्ट

बेस्ट फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
ब्रिटिश फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट डायरेक्टर - ब्रैडी कॉर्बेट, 'द ब्रूटलिस्ट'
बेस्ट एक्टर - एड्रियन ब्रॉडी, 'द ब्रूटलिस्ट'
बेस्ट एक्ट्रेस - मिकी मैडिसन, 'एनोरा'
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - कीरन कल्किन, 'ए रियल पेन'
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - जो सलदाना, 'एमिलिया पेरेज'
बेस्ट राइजिंग स्टार (जनता द्वारा वोट किया गया) - डेविड जोंसन
बेस्ट आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश डेब्यू - 'नीकैप' निर्देशक रिच पेपिएट
बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले - जेसी ईसेनबर्ग, 'ए रियल पेन'
बेस्ट एडाप्टेड स्क्रीन प्ले - पीटर स्ट्रॉघन, 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म - 'एमिलिया पेरेज'
बेस्ट म्यूजिकल स्कोर - डैनियल ब्लमबर्ग, 'द ब्रूटलिस्ट'
बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - लोल क्रॉली, 'द ब्रूटलिस्ट'
बेस्ट एडिटिंग - 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन - 'विकेड'
बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन - 'विकेड'
बेस्ट साउंड - 'ड्यूनः पार्ट 2'
बेस्ट कास्टिंग - 'एनोरा'
बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स - 'ड्यूनः पार्ट 2'
बेस्ट मेकअप और हेयर - 'द सब्सटेंस'
बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - रॉक, पेपर, सिजर
बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट एनीमेशन - 'वांडर टू वंडर'
बेस्ट चिल्ड्रेन एंड फैमिली फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री - 'सुपर/मैनः द क्रिस्टोफर रीव स्टोरी'
सिनेमा में उत्कृष्ट ब्रिटिश योगदान - 'मेडिसिनेमा'
बाफ्टा फेलोशिप - वारविक डेविस

## कॉन्क्लेव ने जमाया रंग

रात का सबसे बड़ा पुरस्कार कॉन्क्लेव को मिला, जिसने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता।

***मिकी मैडिसन को अनोरा के लिए मिली जीत :*** सीन बेकर की फिल्म एनोरा की स्टार मिकी मैडिसन ने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***एड्रियन ब्रॉडी की बड़ी जीत :*** एड्रियन ब्रॉडी ने द ब्रूटलिस्ट में अपने अभिनय के लिए 'बेस्ट लीडिंग एक्टर' श्रेणी में बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार :*** ब्रूटलिस्ट फिल्म निर्माता ब्रैडी कॉर्बेट ने 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' का पुरस्कार जीता।

***ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड :*** 'ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड' हॉलीवुड सुपरस्टार बनने की सीढ़ी है, जिसके पिछले विजेताओं में टॉम हार्डी, टॉम हॉलैंड, डैनियल कालूया, जैक ओ'कॉनेल, लेटिटिया राइट और एम्मा मैकी शामिल हैं। अब पुरस्कार के 2025 के विजेता डेविड जोंसन को उम्मीद है कि वे अन्य नामों की तरह ही करियर की राह पर चलेंगे।

***कॉन्क्लेव ने फिर जीत हासिल की :*** बाफ्टा पुरस्कार समारोह पहले से ही कॉन्क्लेव की रात बनता जा रहा है, जिसे समारोह में 12 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया है। अब इसने 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म' का पुरस्कार भी जीत लिया है।

***'बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन' का पुरस्कार :*** 'सर्वश्रेष्ठ पोशाक डिजाइन' का पुरस्कार उस प्रतिभाशाली समूह को दिया गया है, जिसने 'विक्ड' पर काम किया था, जिसे क्लोथिंग डिपार्टमेंट ने काफी हद तक बढ़ाया था।

## टीवी मसाला



# रणवीर के माफी मांगने का गौरव ने उड़ाया मजाक...

**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट'में रणवीर इलाहाबादिया के आपत्तिजनक बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनका काफी विरोध हो रहा है। शो और उससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई भी हो रही है। इस विवाद के बाद समय रैना ने यूट्यूब से अपने शो के सभी एपिसोड्स हटा लिए। रणवीर इलाहाबादिया ने कंट्रोवर्सी होने के बाद सोशल मीडिया पर अपने आपत्तिजनक बयान के बाद माफी मांग ली। अब स्टैंड अप कॉमेडियन गौरव कपूर ने तंज कसा है। उन्होंने रणवीर के माफी मांगने का मजाक उड़ाया है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरव ने कहा कि रणवीर ने कंट्रोवर्सी होने के दो घंटे बाद ही माफी मांग ली। उन्होंने अपने शो की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वह कह रहे हैं, 'अरे भाई इतनी जल्दी कौन माफी मांगता है। रुकते सोचते समझते अपने वकील को थोड़े पैसे दे देते, सलाह ले लेते फिर कुछ करते।' अपने जोक में गौरव कपूर ने आगे कहा, 'रणवीर जो है, 12 बजे कंट्रोवर्सी हुई, 2 बजे माफी मांग ली। 2 घंटे में। इतने जल्दी मैं अपने पापा से माफी ना मांगू।' गौरव ने आगे कहा कि दिल्ली वाले होते तो मानते ही नहीं। कहते ये एआई है। ये मुंबई वाले शरीफ होते हैं। रणवीर ने हाल ही में जानकारी दी कि उन्हें मौत की धमकियां मिल रही हैं और लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात कर रहे हैं।

# खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं सनी देओल...



**नई दिल्ली।** सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। खेत की झलक दिखाते हुए उन्होंने बताया कि जाट खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहा है। 'गदर' अभिनेता सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने बताया कि वे बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही पोस्ट में उन्होंने अपनी फिल्म जाट का भी जिक्र किया है। सनी देओल की इस फिल्म को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। सनी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह व्हाइट शर्ट और पैंट के साथ कैप पहने नजर आ रहे हैं। फोटो में उन्हें खेतों में देखा जा सकता है। कैप्शन में जाट खेतों के बीच तैयारी कर रहे हैं बैसाखी की। पोस्ट पर फैंस ने फिल्म रिलीज को लेकर उत्सुकता जाहिर की है। सनी देओल की आगामी फिल्मों के बारे में बात करें तो वे लाहौर 1947, रामायण, जाट, गदर 3, बाप, अपने 2, सूर्या और जन्मभूमि में नजर आने वाले हैं।

## बॉयफ्रेंड संग लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



**नई दिल्ली।** 'काचा बादाम' पर चंद सेकेंड की रील बनाकर फेमस हुईं अंजलि अरोड़ा काफी धार्मिक हैं। वह चार धाम की यात्रा कर चुकी हैं और अब उन्होंने महाकुंभ में भी डुबकी लगा लीं है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ प्रयागराज पहुंची और त्रिवेणी संगम में स्नान किया। अंजलि अरोड़ा ने कई सारे फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं और झलकियां फैंस के साथ शेयर की है। जिस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। महाकुंभ में कई नामी हस्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगम में स्नान किया और पुण्य कमाया। साथ ही फैंस के साथ वहां की तस्वीरें शेयर कीं। अंजलि अरोड़ा का भी नाम उस लिस्ट में जुड़ गया है। उन्होंने आकाश संसनवाल के साथ डुबकी लगाई।



# परिवार ने गलत हाथों में सौंपा...

**नई दिल्ली।** वायरल महाकुंभ गर्ल मोनालिसा अब किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक फिल्म साइन की है, जिसका निर्देशन सनोज सिंह करेंगे। हालांकि, सनोज सिंह को लेकर जीतेंद्र नारायण सिंह के कुछ दावों ने सभी को चौंका दिया है। वायरल गर्ल मोनालिसा अब कोई आम स्टार नहीं रहीं। कभी वह महाकुंभ मेले में माला बेचते थे, आज वह एक मशहूर स्टार के रूप में पहचानी जा रही हैं। मोनालिसा की खूबसूरत आंखें और आकर्षक सुंदरता के कारण उनकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। उनकी लोकप्रियता अब इतनी बढ़ गई है कि हाल ही में उन्हें एक फिल्म का ऑफर भी मिला है। सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में एक रोल ऑफर किया है। इस खबर के सामने आने के बाद एक बड़ी चर्चा शुरू हो गई। मोनालिसा के प्रशिक्षण वीडियो और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के वीडियो भी विभिन्न मीडिया पर वायरल हुए। पता चला है कि पहले प्रोजेक्ट के लिए उन्हें 21 लाख रुपए दिए जाएंगे। एक लाख रुपए एडवांस दे दिए गए हैं।




## महाशिवरात्रि से पहले रिलीज होगा 'महाकाल चलो' सॉन्ग

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही महाकाल की भक्ति में डूबे नजर आने वाले हैं। महाशिवरात्रि से पहले उनका 'महाकाल चलो'नाम का गाना रिलीज होने वाला है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की है। अभिनेता द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में वह शिवभक्त के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अक्षय ने शिवलिंग को पकड़ रखा है और महादेव की भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ॐ नमः शिवाय! महाकाल की शक्ति और भक्ति का अनुभव करें कल... महादेव को मेरी ओर से एक छोटी सी स्तुति, महाकाल चलो मंगलवार को रिलीज हो रहा है।'



## जैकेट के शेष

### 20 किमी का सफर...

ने बताया उनके गांव तक नेता और जनप्रतिनिधि वोट मांगने भी नहीं जाते। उन्हें चुनाव की तारीख बता दी जाती है, फिर ग्रामीण अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर मतदान करने आते हैं।

### अमली के ग्रामीणों ने...

करने पैदल आते हैं। हर बार पक्की सड़क, बिजली की मांग करते हैं। लेकिन अब तक सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभुत सुविधाएं नहीं पहुंची है।

### 'मछली पार्टी' पर...

ग्राम पंचायत अर्जुनी में जमकर बवाल हुआ। यहां पर एक ही स्कूल में तीन मतदान केंद्र बनाए गए थे। रात में पोलिंग पार्टियां यहां पहुंच गई थी। रात में एक दल के सदस्यों ने पोलिंग पार्टी को मछली पार्टी दी। पोलिंग पार्टी के कुछ सदस्य नशे में भी थे, जब इसकी जानकारी दूसरी पार्टी के सदस्यों को हुई तो उन्होंने जमकर हंगामा मचाया। रात में ही पोलिंग पार्टी का घेराव कर दिया। यही नहीं कुछ उपद्रवी तत्वों ने पथराव भी किया। इससे पोलिंग पार्टी के सदस्य दहशत में आ गए और चुनाव कराने में असमर्थता जाहिर करते हुए पोलिंग पार्टी लौट आई। इसके बाद धमतरी से रिजर्व मतदान दलों को अर्जुनी भेजा गया। ग्रामीण भी मतदान करने के लिए मान गए जिसके चलते सुबह नियत समय पर मतदान शुरू हो गया।

**मतदान करने से पहले ही मौत :** ग्राम कलारतराई में एक वृद्ध की मतदान करते वक्त मौत हो गई। दोपहर 1 बजे 80 वर्षीय वृद्ध हिन्छाराम साहू व्हीलचेयर से मतदान करने पहुंचा था। मतदाता सूची से नाम मिलाने के बाद उनके हाथ में अमिट स्याही लगाई गई। मतपत्र देते वक्त वह चक्कर खाकर मतदान केंद्र में ही गिर पड़ा। वाहन की व्यवस्था कर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पथराव की जानकारी नहीं :** अर्जुनी में पोलिंग पार्टी जहां पहुंची थी वह एक स्कूल परिसर है। जहां पर रात में दो तीन गांव के लोग थे। इसी बात को लेकर अर्जुनी में हो-हल्ला हुआ। लोगों का बयान लिया गया। इसके बाद पोलिंग पार्टी बदल दी गई। पथराव और मछली पार्टी की कोई जानकारी नहीं मिली है।

**- सूरज बंछोर,** रिटर्निंग ऑफिसर, धमतरी

### तुमरीगुड़ा व पाहुरनार में...

पाहुरनार व तुमरीगुड़ा के लोगों ने पुल बनने के बाद किया पहली बार मतदान

दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया है। इंद्रावती नदी के उस पार बसे पाहुरनार और तुमरीगुण्डा से आए ग्रामीणों ने जमकर वोटिंग की है। इंद्रावती नदी पर पुल बनने के बाद पहली बार लोगों ने मतदान किया।

**- गौरव रॉय,** एसपी, दंतेवाड़ा

### ट्रैक्टर में पहुंचे...

मतदान के प्रति लोगों में जमकर उत्साह देखने मिला। नक्सल प्रभावित बड़ेसेट्टी मतदान केन्द्र पहुंचे सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण व एएसपी अभिषेक वर्मा ने मतदाताओं से बेखौफ होकर मतदान करने की अपील की। मत डालने पहुंची पहुंची स्मृति यादव, झितरी, बुटकी, सरिता आदि युवा महिला मतदाताओं ने कहा कि पहली बार वह मतदान करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि हम अपना मताधिकार का प्रयोग कर एक अच्छा सरपंच और जिला पंचायत सदस्य चुनने जा रहे है। सुरक्षा के लिहाज से डीआरजी, सीआरपीएफ व जिला पुलिस बल के साथ दंतेश्वरी महिला कमांडो को तैनात किया गया था।

### सैम बोले- चीन भारत...

धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। पित्रोदा ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है। सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए। यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए होना चाहिए। सैम पित्रोदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है।

## पेज एक के शेष

### 17 लाख किसानों के अटके...

जारी किया गया है, जबकि अब भी 2 हजार करोड़ रुपए किसानों का बकाया है। छत्तीसगढ़ सरकार की अधिकारिक वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 17 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक यानी 14 दिनों में 16 लाख 99 हजार 596 किसानों ने करीब 17.42 लाख मीट्रिक टन धान बेचा था। उन्होंने मोटा-पतला धान के हिसाब से औसतन प्रति क्विंटल 2300 रुपए की राशि जारी होनी है। इस हिसाब से करीब 3 हजार करोड़ रुपए इन किसानों को दिया जाना है।

### धर्मांतरण को लेकर अमलेश्वर...

का प्रयास कर रहे थे। धर्मांतरण का विरोध करने पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने घर को घटना स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद आरोपियों को थाने लाया गया।

## मेहनत, अनुशासन ही बोर्ड परीक्षाओं की महत्वपूर्ण चाबी

**मैरी कॉम, अवनि और सुहास यथिराज ने दिया छात्रों को तनावमुक्त रहने का मंत्र**

- जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर सोमवार को प्रसारित हुआ 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




जनसंचार के विभिन्न प्रचलित माध्यमों पर सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसमें देश की महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पैरालंपिक अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों को तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया। तीनों हस्तियों ने एक स्वर में छात्रों को केवल अनुशासन और कड़ी मेहनत के जरिए अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि अनुशासन ही बोर्ड परीक्षाओं की वह महत्वपूर्ण चाबी है। जिसके जरिए लक्ष्य का निर्धारण करके तनाव को आसानी से संभाला जा सकता है। मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा का आगाज करते हुए राजधानी के सुंदर नर्सरी में देश भर से चुने गए 36 स्कूली छात्रों से संवाद किया था।

### बॉक्सिंग को बनाया महिलाओं का खेल : मैरीकॉम

मैरीकॉम ने कहा कि मैंने समाज में लोगों की उस परंपरागत सोच को बदला। जिसमें वो यह मानते थे कि बॉक्सिंग महिलाओं के लिए नहीं है। मैरीकॉम ने कहा, मैंने अपने आप को साबित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं कई बार विश्व चैंपियन बनीं। मैरीकॉम ने छात्रों को जोर देते हुए उनकी स्कूली शिक्षा की यात्रा में कठिन परिश्रम और लगन को सफलता के दो महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। हर क्षेत्र कठिन है, कोई शॉर्टकट नहीं होता है। आपको मेहनत करनी होती है। अगर मैं मेहनत कर सकती हूं तो आप क्यों नहीं।


### डर को दूर भगाओ, सफलता मिलेगी

पैरालंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार सुहास यथिराज ने बच्चों को अपनी दिमागी शक्ति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसी से नकारात्मक भावनाओं जैसे डर को दूर भगाया जा सकता है। क्योंकि डर ही सफलता की राह में सबसे बड़ा अवरोधक है। उन्होंने कहा, अगर जीवन में सूरज की तरह चमकना है तो उसकी तरह जलने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। अच्छी चीजों को पाने के लिए सफर लगातार चलते रहना चाहिए। बच्चों ने तीनों हस्तियों से दबाव, भटकाव और बेचैनी के बारे में सवाल किए। सुहास ने बच्चों से मजबूती और लगन के साथ चुनौतियों का सामना करने की अपील की।

### सही कौशल से बढ़ाएं आत्मविश्वासः अवनि

अवनि ने छात्रों को कौशल विकास की उपयोगिता समझाते हुए बताया कि इसकी मदद से कैसे अच्छे कौशल के साथ आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए डर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए। आत्मविश्वास बढ़ाने में इसका बहुत बड़ा योगदान है। अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले पर्याप्त नींद लेना जरूरी है।

## मत्स्य-6000: देश की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली पनडुब्बी का परीक्षण हुआ पूरा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कॉम्पैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है और 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर इसका परीक्षण किया जाएगा।मत्स्य-6000 पनडुब्बी का डिजाइन पूरा होने के पश्चात इसकी कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला हैः जिसमें गोताखोरी के लिए एक बेलेस्ट सिस्टम तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और पानी की सतह पर आने के लिए सिंटैक्टिक फोम शामिल है।

**मौलाना काशिफ अली को घर के बाहर मारी गोली**

## भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी हाफिज सईद के साले की पाकिस्तान में हत्या



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

हाफिज सईद के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के राजनीतिक विंग के नेता मौलाना काशिफ अली की पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया को मिली जानकारी मुताबिक, काशिफ अली भारत के सबसे मोस्ट वांटेड आतंकी हाफिज सईद का साला था। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के नेता काशिफ अली को पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी में उनके घर के दरवाजे पर गोली मारी गई। अज्ञात हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकले। पीएमएमएल की स्थापना हाफिज सईद ने की थी। इसे लश्कर-ए-तैयबा की राजनीतिक शाखा के रूप में देखा जाता है। मौलाना काशिफ को हाफिज सईद का दाहिना हाथ समझा जाता था। पीएमएमएल के प्रवक्ता ने काशिफ अली की मौत को आतंकवादी घटना बताया है।

### पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या

पिछले एक महीने में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी मारे जा चुके हैं। इनमें दो की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। ये पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान में शीर्ष आतंकियों की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बीते कुछ सालों में पाकिस्तान के अंदर कई भारत विरोधी आतंकी अज्ञात बंदूकधारियों के हाथों मारे जा चुके हैं। द गार्डियन की रिपोर्ट में बताया गया था कि 20 से ज्यादा ऐसे आतंकियों की हत्या हुई है, जो भारत विरोधी समझे जाते थे।

## 700 करोड़ हुई राम मंदिर की सलाना आय, एक महीने में 15 करोड़ रुपए का आया चंदा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



- सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी और श्री साई मंदिर को पीछे छोड़ा

रामनगरी अयोध्या पर्यटक और श्रद्धालु के लिए देश में पहले पसंद बन रही है। रोज नए-नए कीर्तिमान बना रही है। राम मंदिर की सालाना आय के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर बन चुका है। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक अयोध्या में 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच चुके हैं। मंदिर की सालाना आय 700 करोड़ से ज्यादा पहुंच चुकी है। सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी और श्री साई मंदिर को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़े जनवरी 2024 से जनवरी 2025 के बीच है। रामनगरी में आ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से दान के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में रोजाना चार लाख श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। ये सिलसिला मकर संक्रांति से ही चल रहा है। मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के अनुसार ट्रस्ट के 10 दान काउंटर पर रोजाना 10 लाख रुपए रुपए से ज्यादा दान चढ़ रहा है। उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो. विनोद श्रीवास्तव बताते हैं कि एक अध्ययन एवं अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 - 25 में आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिक दान राशि लगभग 1500 से 1650 करोड़ रही।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 17/02/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नेतराम साहू पिता स्व. रामजी साहू निवासी फुंडहर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम फुंडहर पटवारी हल्का नंबर 68 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 118 रकबा 0.0200 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11/01/2025 के परिपालन में दिनांक 27/02/2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 68 के फुंडहर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

(राजस्व निरीक्षक)
रा.नि.मं. रायपुर-10

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ., छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पताः क्वा. नं. 5 एवं 6, पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) वेवसाईट- www.cspc.gov.in, ईमेल- eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं. 0771-2574753

-:: सूचना ::-

विद्युत लाईनों/उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्व रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। **असुविधा के लिये खेद हैं।**

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19.02.2025 बुधवार | सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | उपकेन्द्र का नाम 33/11 KV ओल्ड कबीर नगर उपकेन्द्र | (1) 11 के.व्ही. मीडिया सिटी, (2) 11 के.व्ही. वाल्मीकि आवास, (3) 11 के. व्ही. सेलिब्रीटी, (4) 11 के.व्ही. भुइंया तालाब एवं (5) जीएडी फीडर, श्रीनगर फीडर | मीडिया सिटी, चित्रकुट परिसर, श्रीराम चौक, महोबा बाजार, बरसाना, सेलिब्रीटी भुइंया तालाब, समुदायिक भवन के आसपास, जीएडी, सोसायटी गार्डन, श्रीनगर,शिवानंद नगर एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |
| 2 | 20.02.2025 गुरूवार | सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | 33/11 KV अटारी उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. हैप्पी ढ़ाबा फीडर | ट्रांसपोर्ट नगर, हैप्पी ढाबा एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |
| 3 | 21.02.2025 शुक्रवार | सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | 33/11 KV आर.डी.ए. उपकेन्द्र, शिवांनद नगर उपकेन्द्र, ट्रांसपोर्ट नगर उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. आर.डी.ए. फीडर,शिवांनद नगर फीडर, ट्रांसपोर्ट नगर फीडर | हीरापुर, एम. डी. क्वार्टर, गणेश गार्डन, यदुवंशी चौक व जरवाय रोड की ओर, श्रीनगर,शिवानंद नगर, लोटसवेली, गुरूनानक इंजी., स्कॉन मंदिर, टाटीबंध चौक, बी.एस. यू.पी. कॉलोनी एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये।**

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध-2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर संभाग उत्तर**
संवाद - ....... **छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर**

**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

**भिलाई इस्पात सियान सदन (सीनियर सीटीजन होम) के लिए आवेदन पत्र**

भिलाई इस्पात संयंत्र के सी.एस.आर. विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन में रहने के इच्छुक भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल की अन्य इकाई, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम तथा केन्द्र शासन के सेयानिवृत कर्मचारियो / जीवनसाथी से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। यह सीनियर सिटीजन होम पुराने बी.एम.टी.सी. भवन, रायपुर नाका, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में स्थित है। यहाँ एकल पुरुष और महिला के लिए एक-एक बिस्तर वाले कमरे तथा दो बिस्तर वाले कमरे विशेष रुप से पति-पत्नी के लिए उपलब्ध होंगे।

आवश्यक योग्यताएँ:

1.आयु:
- आवेदक की न्यूनतम आयु 65 वर्ष होनी चाहिए।
- आवेदक भिलाई इस्पात संयंत्र / सेल की अन्य इकाई / केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम / केन्द्र शासन से सेवानिवृत कर्मचारी अथवा उनका जीवनसाथी होना चाहिए।
- पूर्व कर्मचारी की मृत्यु के बाद नए आवेदक के लिए पति / पत्नी की न्यूनतम आयु 62 वर्ष होनी चाहिए।

2.सेवा की अवधि : आवेदक को संबंधित संगठन / उपक्रम में न्यूनतम 20 वर्षों की सेवा पूरी करनी होगी।
3.स्वास्थ्य : आवेदक और उनके पति / पत्नी शारीरिक और मानसिक रुप से विकलांग नहीं होने चाहिए, और कोई पुरानी या संक्रामक बीमारी से ग्रस्त नहीं होना चाहिए, जिसके लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता हो।
4.आवश्यक आय : आवेदक और उनके पति / पत्नी के पास मासिक लाइसेंस शुल्क और अन्य मासिक व्यय को पूरा करने के लिए पर्याप्त आय होनी चाहिए

सुरक्षा निधि (Deposit):
- 70 वर्ष तक के व्यक्ति : रु 6.00 लाख
- 71 से 80 वर्ष के बीच के व्यक्ति : रु 2.00 लाख
- 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति : रु 1.00 लाख

उपरोक्त राशि को एकमुश्त जमा करना होगा, और जब आवास खाली किया जाएगा, तो यदि कोई देय योग्य शेष राशि बची होगी, तो यह काटकर बाकी की राशि वापस कर दी जाएगी।

मासिक लाइसेंस शुल्क (Monthly License Fee):
- 70 वर्ष तक के व्यक्ति : रु 4000 / - प्रति माह
- 71 से 75 वर्ष के बीच के व्यक्ति : रु 2500 / - प्रति माह
- 76 से 80 वर्ष के बीच के व्यक्ति : रु 1000 / - प्रति माह
- 80 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति : रु 600 / - प्रति माह

यह शुल्क हर साल अग्रिम रुप से 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक लिया जाएगा।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 28/02/2025
इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन महाप्रबंधक (सी.एस.आर.) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की अग्रज संवाद वेबसाइट या महाप्रबंधक (सी.एस.आर.), कार्यालय, ओल्ड गर्ल्स स्कूल, सड़क 29, सेक्टर-5, भिलाई से संपर्क करें।
कार्यालय दूर-भाष : 0788-2858854
नियम और शर्तें : भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा जारी 'सियान सदन संचालन प्रक्रिया' नियमावली के अनुसार होंगी।
विज्ञापन क्र.-बीएसपी-13(सी.एस.आर.) / 24-25 / दिनांक : 17 / 02 / 2025

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : 127109DL1973G01006454.Website: www.sail.co.in
हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ हैं सेल

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

**बिहार सरकार की लगा दी प्रोफाइल फोटो**

## हैक हुआ जर्मन राष्ट्रपति का एक्स अकाउंट!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वॉल्टर स्टीनमीयर का आधिकारिक एक्स अकाउंट कथित तौर पर हैक कर लिया गया है। इतना ही नहीं, हैकर्स ने राष्ट्रपति के अकाउंट की प्रोफाइल फोटो को बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग की फोटो से बदल दिया है। हालांकि, इस घटना पर जर्मन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इससे पहले भी हैकर्स ने इस अकाउंट को नाजी पार्टी के पूर्व प्रमुख एडॉल्फ हिटलर की प्रोफ़ाइल जैसा बना दिया था। हैक हुए अकाउंट की बायो में लिखा गया था, 'मेक जर्मन ग्रेट अगेन'. इस अकाउंट के 57,000 फॉलोअर्स थे. ब्रिक्स न्यूज़ के आधिकारिक एक्स अकाउंट ने पोस्ट कर बताया कि यह जर्मन राष्ट्रपति का अकाउंट था और इसे हैक कर लिया गया था।

### एक्स पर मिली जानकारी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस साइबर हमले की जानकारी सबसे पहले कई एक्स यूजर्स ने दी है। जब अकाउंट का यूजरनेम बदलकर **@adolf_gov** कर दिया गया। अकाउंट की डिटेल्स बदलकर 'मेक जर्मन ग्रेट अगेन'कर दिया गया जो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'मेक जर्मन ग्रेट अगेन' अभियान से प्रेरित था।

**FEDERAL BANK** YOUR PERFECT BANKING PARTNER
Shankar Nagar Branch, Raipur (CG)
www.federalbank.co.in | rpr@federalbank.co.in
**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that gold ornaments in the below mentioned account/s will be put to private sale by **Federal Bank Ltd, Raipur Branch and Raipur/Shankar Nagar Branch** on **27-02-2025** or any subsequent date/s at the branches shown below as the concerned borrowers failed to redeem the pledged items /regularise the loan account/s. Respective branches may be contacted for further information.


| Name | Account No. |
|---|---|
| RAJU KUMAR SINGH | 19456400018753 |
| KAVITA NAVLANI | 19456400018084 |

The Auction/Private Sale will be done on 27th of Fabruary, 2025 (11am onwards) at Federal Bank, Raipur/Shankar Nagar Branch : 18/1421, Kushal Vatika, New Shanti Nagar, Shankar Nagar , Raipur, Chattisgarh, Raipur, Chattisgarh, 492007 Ph No.-0771 2422900

| Name | Account No. |
|---|---|
| PARITESH AGRAWAL | 14456400006340 |

The Auction/Private Sale will be done on 27th of Fabruary, 2025 (11am onwards) at Federal Bank, Raipur Branch: LC Arcade, Ground floor, Near Vandana Bajaj, Ashram Chowk, Ramkund, GE Road, Raipur, Chattisgarh, Raipur, Chattisgarh, 492001

## शब्द पहेली - 5782



**बाएँ से दाए**
1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

### शब्द पहेली - 5781 का हल



### सूडोकु नवताल - 5792

★★★★☆ मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5791 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |



# मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने और उसके संचालन के लिए बुनियादी ढांचा बेहद मजबूत और सुगम



मध्यप्रदेश में विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपति, निवेशक और विशेषज्ञ, यह सभी एक मंच पर साथ आ रहे हैं। यह मंच है वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यानी जीआईएस)। राज्य में निवेश के अनंत अवसरों को प्रदर्शित करने वाला यह महासम्मेलन 24 एवं 25 फरवरी 2025 को राज्य की राजधानी भोपाल में आयोजित हो रहा है। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए दृढ़संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के विकास को नई उंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निवेश की अनंत संभावनाओं के साथ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। देश के मध्य में स्थित मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा और जनसंख्या के हिसाब से पांचवा सबसे बड़ा राज्य है।

मध्य प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस कार्यक्रम एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य व्यापार संचालन और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है। यह कार्यक्रम नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए आने वाली बाधाओं को कम करता है। प्रमुख सुधारों में ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और परमिट अनुमोदन जैसी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण शामिल है। इससे उद्यमियों के लिए समय और लागत में काफी कमी आई है। राज्य ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने के लिए समयबद्ध और पारदर्शी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हुए, क्लीयरेंस और अनुमोदन को सुव्यवस्थित करने के लिए इन्वेस्ट एमपी सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है।

### लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग

राज्य में 40 एमएमटी की भंडारण क्षमता और 13.2 एमएमटी की कोल्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मध्यप्रदेश स्टील साइलो के निर्माण में अग्रणी राज्य है। इंदौर और भोपाल में आगामी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क इस क्षेत्र में विकास को नया आयाम देगा।

### वस्त्र और परिधान

भारत के जैविक कपास उत्पादन में43% और विश्व के जैविक कपास उत्पादन में24% हिस्सेदारी मध्यप्रदेश की है। मध्य प्रदेश में 60 से ज्यादा बड़ी कपड़ा मिलें और हजारों करघे संचालित हैं। इंदौर में रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयाँ हैं। मध्य प्रदेश चंदेरी, टसर महेश्वरी, बाघ प्रिंट, हैंड-ब्लॉक प्रिंट, बाटिक प्रिंट आदि जैसे पारंपरिक वस्त्रों का घर है।



### ऑटोमोबाइल उद्योग में मजबूत

मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल, पीथमपुर और देवास भारत के प्रमुख ऑटो क्लस्टर हैं।प्रदेश में 2800 से अधिक इंजीनियरिंग निर्माता और 10 से ज्यादा मूल उपकरण निर्माता हैं। प्रदेश का नेटरेक्स एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक, जिसकी लंबाई 11.3 किमी है। यहां 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो विशिष्ट प्रयोगशालाएँ हैं। 4,500 हेक्टेयर पीथमपुर ऑटो क्लस्टर में 25,000 से ज्यादा लोग कार्यरत हैं।

### कृषि, खाद्य एवं दुग्ध प्रसंस्करण में अग्रणी

प्रदेश दलहन और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। खाद्यान्न और फूलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। राज्य जैविक फसल उत्पादन में अग्रणी है।यहां 11 कृषि जलवायु क्षेत्र हैं।खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 70 से ज्यादा बड़ी और 3800 से भी अधिक एमएसएमई इकाइयाँ कार्यरत हैं।

### फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण एवं स्वास्थ्य सेवा

राज्य में 270 से अधिक फार्मा इकाइयाँ मौजूद हैं। फार्मा सेक्टर में 1,00,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। बड़ी संख्या में डब्ल्यूएचओ-जीएमपी, यूएसएफडीए अनुपालन इकाइयाँ मौजूद हैं। राज्य ने वित्त वर्ष 2022 में 10,770 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की फार्मास्युटिकल्स का निर्यात किया। प्रदेश से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूके, रूस, नीदरलैंड, जर्मनी और ब्राजील सहित 150 से ज्यादा देशों को निर्यात होता है। 20 से अधिक मेडिकल डिवाइस इकाइयाँ और 250 से ज्यादा इकाइयाँ मेडिकल डिवाइस के पुर्जे बनाती हैं। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 360 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क फैला हुआ है।

### वो सबकुछ मौजूद है जो उद्योगों के लिए जरूरी है

- मध्यप्रदेश में 3 लाख किलोमीटर से अधिक फैला हुआ विस्तृत सड़क नेटवर्क है। यहां 5 वाणिज्यिक हवाई अड्डे और 26 हवाई पट्टियों की व्यवस्था है।
- प्रदेश में 1.25 लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि उपलब्ध है। इसके साथ 112 विकसित या विकासशील औद्योगिक क्षेत्र और 14 ग्रीनफील्ड साइट्स मौजूद हैं।
- राज्य जल–आपूर्ति के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यहां 1,000 एमसीएम से अधिक प्रचुर औद्योगिक जल आपूर्ति की उपलब्धता है।
- प्रदेश में प्रतिस्पर्धी टैरिफ के साथ 24गुणा7 स्थिर बिजली आपूर्ति की जाती है।चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार विशेष सुविधा भी देती है।
- मध्यप्रदेश में प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के पास आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ग्लोबल स्किल पार्क, आईटीआई और मेगा आईटीआई की उपस्थिति है।
- राज्य खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, सब्जियों और फलों का अग्रणी उत्पादक है।




### सूचना प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन

मध्यप्रदेश में 4 आईटी एसईजेड, 10 आईटी पार्क, 2 ईएमसी क्लस्टर और 150 से ज्यादा ईएसडीएम इकाइयाँ मौजूद हैं। प्रदेश में 2500 से अधिक डीपीआईआईटी पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जिनमें से 280 से अधिकआईटी-सेवा आधारित स्टार्टअप हैं। राज्य में आईआईटी, आईआईएम और 330 से भी ज्यादातकनीकी संस्थान और आईटीआई की उपस्थिति के साथ अत्यधिक कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता है। मध्यप्रदेश भारत का टाइगर राज्य है। यहां 11 राष्ट्रीय उद्यान और 6 बाघ अभ्यारण्यों सहित 24 वन्यजीव अभ्यारण्य हैं। 3 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल (सांची, खजुराहो और भीमबेटका) और उज्जैन, ओंकारेश्वर, अमरकंटक जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण विरासत स्थल हैं।

## रोजगार और उद्योग का हब बन रहा मध्य प्रदेश

# पीएम मोदी की नीतियों को अपनाने में अग्रणी है मध्य प्रदेश की मोहन सरकार



*केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को मप्र की मोहन सरकार ने बड़ी कुशलता के साथ अपनाया है। उन पर अमल करके राज्य को खुशहाल बनाया जा रहा है। अब रोजगार और उद्योग का बड़ा हब बन रहा है। डॉ.मोहन यादव सरकार के डबल इंजन से खुशहाली और उन्नति के पथ पर मप्र लगातार दौड़ रहा है, लेकिन अब तीसरा नई ऊर्जा वाला इंजन (बजट) प्रदेश को मिला है, इससे विकास की गति तीन गुना हो जाएगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से लेकर किसान और युवाओं तक जो अभूतपूर्व सौगातें दी हैं, उसका मध्यप्रदेश में भी खासा प्रभाव दिखाई देगा।

विशेष रूप से 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2025 को लेकर निवेश की संभावनाओं को काफी मजबूती मिली है। बजट में जो घोषणाएं हैं, उससे न केवल उद्योग जगत सशक्त होगा, बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। यह सुखद संयोग है कि फरवरी माह के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा आम बजट पेश किया गया है, और इसी माह 24 और 25 तारीख को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों से निवेश की अनंत संभावनाओं वाले इस महासम्मेलन को लेकर उद्योग जगत में पहले से ही उत्साह है और अब केंद्र सरकार की उद्योग जगत के हितों में की गई घोषणाओं से इस समिट की सफलता कई गुना बढ़ी है।



### भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान हो रहे विकसित

*देश के शीर्ष 50 टूरिज्म स्पॉट को राज्यों की सहायता से और विकसित किया जाएगा। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए धार्मिक पर्यटन का विशिष्ट स्थल है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम का लाभ बजट में की गई उस घोषणा से मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल टूरिज्म के लिए वीजा नियमों को आसान किया जाएगा।*

### 20 हजार करोड़ किए गए आवंटित

*मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। इनोवेटिव्स के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। नेक्स्ट जनरेशन के स्टार्टअप के लिए डीप टेक फंड पर विचार किया जाना मध्यप्रदेश के युवाओं को नए अवसर दे रहा है। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया गया है। गारंटी फीस में भी कमी होगी। एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान स्वागत योग्य है।*

### आर्थिक प्रगति ही प्राथमिकता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता में रखा है, उसे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतत आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में उद्योग जगत सहित युवाओं और किसानों को सौगातें मिली हैं। मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की संभावनाओं को आम बजट ने और अधिक विस्तार दिया है। मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और बेहतरीन वातावरण को इस बजट में जो ऊर्जा दी है, वह आने वाले समिट में स्पष्ट दिखाई देगा।*

**चंद्रमौली शुक्ला,** एमडी, एमपीआईडीसी

### किसानों को राहत: केसीसी से 5 लाख का कर्ज

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों की प्राथमिकता में कृषि क्षेत्र भी है। केंद्रीय बजट में अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया गया है। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी। इन सौगातों का सीधा लाभ मध्यप्रदेश के किसानों के साथ कृषि और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश करने वालों को मिलेगा। आम बजट में उद्योगों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, वह मध्यप्रदेश में मौजूदा कंपनियों के साथ आने वाले निवेशकों के लिए भी सौगात है। छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।*

### लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा

बजट में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि निवेश हमारी सरकार का तीसरा इंजन है। ग्रीन एनर्जी और ईवी तकनीक को ज्यादा बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। अब देश में राज्य खनन सूचकांक की स्थापना होगी। इससे लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा होगा। खनन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद है। खनन को लेकर निवेशकों का एक सम्मेलन भोपाल में पहले आयोजित किया जा चुका है, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे।

### अक्षय ऊर्जा में मप्र में हो रहे नवाचार

अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष प्रकार की आरई नीति वाला पहला राज्य है। प्रदेश के सांची को नेट ज़ीरो कार्बन अवधारणा पर मध्य प्रदेश के पहले सौर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।नर्मदापुरम में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए समर्पित विनिर्माण क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। लगभग 62 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता और 11 गीगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश में 2,750 मेगावाट (2.75 गीगावाट) की कुल क्षमता वाले 5 बड़े सौर संयंत्र हैं।

D-16116/24

वित्त मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

# गति एम.एस.एम.ई. के विकास में



केन्द्रीय बजट 2025-2026

# छोटे उद्योगों को मजबूती देने के लिए उठाये गए बड़े कदम

सभी MSME के वर्गीकरण हेतु निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा दुगनी

बेहतर क्रेडिट गारंटी:
- सूक्ष्म और लघु उद्योग: ₹5 करोड़ से ₹10 करोड़ तक
- स्टार्टअप्स: ₹10 करोड़ से ₹20 करोड़ तक
- अच्छा प्रदर्शन करने वाले निर्यातक MSME: ₹20 करोड़ तक

'उद्यम' पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्योगों के लिए ₹5 लाख की सीमा वाले क्रेडिट कार्ड

चमड़ा और फुटवियर उद्योग के लिए समर्पित विशेष योजना द्वारा ₹4 लाख करोड़ टर्नओवर और 22 लाख नौकरियां, क्रस्ट लेदर निर्यात पर 20% छूट और वेट ब्लू लेदर आयात पर सीमा शुल्क शून्य

पहली बार उद्यमी बन रहीं 5 लाख महिला और SC/ST उद्यमियों को अगले 5 वर्षों में ₹2 करोड़ तक के ऋण

LI-ION

मोबाइल और इलेक्ट्रिक गाड़ियों की लिथियम-आयन बैटरी के घरेलू निर्माण को बढ़ाने के लिए 63 नए कैपिटल गुड्स पर छूट

DUTY FREE

कोबाल्ट पाउडर, लिथियम-आयन बैटरी स्क्रैप, सीसा, जस्ता समेत 12 क्रिटिकल मिनरल पूरी तरह से BCD मुक्त

व्यापार से जुड़े डॉक्यूमेंटेशन और फाइनेंस को आसान बनाने, गैर-टैरिफ वाली रुकावटों को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को आसान बनाने के लिए एक साझा प्लेटफॉर्म 'भारत ट्रेड नेट'(BTN)

1 अप्रैल 2030 से पहले इनकॉर्पोरेटेड स्टार्टअप्स के लिए अब लाभ उपलब्ध

CBC 15201/13/0010/2425

देशभर के रेलवे स्टेशनों में चरम पर लोगों का उत्साह

प्रयागराज महाकुंभ का 26 फरवरी को होगा समापन


प्रयागराज महाकुंभ जाने को लेकर देशभर में श्रद्धालुओं में उत्साह है। बड़ी संख्या में अलग-अलग शहरों में लोगों की रेलवे स्टेशन पर जमकर भीड़ है। इस दौरान समय-समय पर अराजक स्थिति भी निर्मित हो रही है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार को ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की का दृश्य।

# भगदड़ के बाद भी नहीं सुधरे हालात






पटना। महाकुंभ मेला 2025 के चलते भीड़ के बीच पटना रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आपातकालीन खिड़की से ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता एक यात्री।



ड्रोन शॉट... प्रयागराज के संगम में बड़ी संख्या में बोट पर श्रद्धालु।

## भगदड़ पर बड़ा एक्शन प्लेटफॉर्म टिकट काउंटर बंद

राजधानी दिल्ली में शनिवार रात स्टेशन परिसर में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद रेल प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट काउंटर 26 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। महाकुंभ 2025 26 फरवरी तक चलने वाला है। ऐसे में उम्मीद है कि जब तक यह मेला चलेगा रहेगा, तब तक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फिर से ऐसी स्थिति प्रकट हो सकती है, जिससे भगदड़ मच सकती है। इसी कारण से स्टेशन से भीड़ कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। अब दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आप सिर्फ प्लेटफॉर्म टिकट लेकर एंट्री नहीं पा सकेंगे। स्टेशन के सभी एंट्री गेट पर टीटी और आरपीएफ की टीम तैनात रहेगी, जो यह चेक करेगी कि या तो आपके पास कहीं तक सफर करने के लिए जनरल टिकट हो या फिर रिजर्वेशन टिकट हो।

अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे मनदीप ने साझा की दास्तान

# सांप-मगरमच्छ सब कुछ झेला जबरन कटवानी पड़ी दाढ़ी

*बीते शनिवार एक अमेरिकी विमान ने 116 भारतीयों को डिपोर्ट कर दिया। इनमें से कुछ सिख समुदाय के लोगों ने दावा किया है कि ना सिर्फ उन्हें हथकड़ियां पहनाई गई, वहीं उनकी पगड़ी तक उतरवा दी गई। वहीं कुछ लोगों ने डंकी रूट के खौफनाक रास्ते को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। पंजाब के मनदीप सिंह भी इन्हीं 116 अवैध प्रवासियों के समूह में शामिल थे। उन्हें डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश करते समय पकड़ा गया था।*

**खास बातें**

- न सिर्फ हथकड़ियां पहनाई, पगड़ी तक उतरवा दी गई
- हाल में अमेरिकी विमान से डिपोर्ट होकर लौटे हैं 116 भारतीय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मनदीप सिंह ने बताया है कि डंकी रूट पर उन्हें ना सिर्फ खतरा ही खतरा मिला बल्कि सिख होने के बावजूद उनकी दाढ़ी तक कटवाने पर मजबूर किया गया। मनदीप सिंह को अमेरिकी बॉर्डर एजेंट्स ने बीते 27 जनवरी को मेक्सिको की सीमा के पास गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने अमृतसर एयरपोर्ट से बाहर आते ही मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया, 'जब मैंने एक एजेंट से बात की, तो उसने कहा कि एक महीने के अंदर मुझे कानूनी तरीके से अमेरिका ले जाया जाएगा। एजेंट ने 40 लाख रुपये मांगे। मैंने दो किस्तों में पैसे दे भी दिए। पिछले साल अगस्त में मैं अमेरिका जाने के लिए अमृतसर से दिल्ली निकला था।' 38 वर्षीय मनदीप ने दावा किया कि इसके बाद कुछ एजेंट ने उनसे 20 लाख रुपए और मांगे। उन्होंने बताया, 'दिल्ली से मुझे मुंबई ले जाया गया, फिर नैरोबी (केन्या) और फिर दूसरे देश के रास्ते एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) ले जाया गया। वहां से हमें सूरीनाम ले जाया गया। जब मैं वहां पहुंचा, तो कुछ एजेंट ने 20 रुपए लाख मांगे, जो मेरे परिवार ने आकर चुकाए। उन्होंने बताया कि ग्रुप को फिर गुयाना, उसके बाद बोलीविया और अंत में इक्वाडोर ले जाया गया।'

### पनामा के खतरनाक जंगल

मनदीप ने कहा कि पनामा के जंगलों को पार करते समय उनके समूह का मगरमच्छों और सांपों से भरे रास्तों पर चलना पड़ा। उन्होंने कहा, 'यहां हमें साथी यात्रियों ने बताया कि अगर हम ज्यादा सवाल पूछेंगे, तो हमें गोली मार दी जाएगी। 13 दिनों तक हम खतरनाक रास्ते पर चले। मगरमच्छ, सांप सबकुछ झेला। कुछ लोगों को खतरनाक सांपों से निपटने के लिए लाठी दी गई थी।' पनामा पार करने के बाद उन लोगों को कोस्टा रिका, होंडुरास, निकारागुआ, ग्वाटेमाला और अंत में, तिजुआना ले जाया गया। यहां उनकी दाढ़ी जबरन काट दी गई थी।

### अब तक 332 प्रवासी वापस

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ लेने के कुछ ही दिनों के अंदर की अवैध प्रवासियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। भारत सहित कई देशों के हजारों अवैध प्रवासियों को उनके देश में डिपोर्ट कर दिया गया है। 5 फरवरी से अब तक 332 प्रवासियों को भारत लौटाया जा चुका है।

नाराज सुप्रीम कोर्ट का एक्शन

# रोक के बाद भी बुलडोजर यूपी सरकार को नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवंबर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है। 13 नवंबर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।

ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या :- 15/RI/2024-25/RWD/EE/BOKARO दिनांक – 17.02.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ BOKARO/ 19/2024-25 | आर0ई0ओ0 रोड केंदला से जोहेरथान यात्राटांड होते हुए उत्क्रमित प्राथमिक विधालय मडईटोला तिरीयोनाला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.200 कि0मी0)। | 2,52,05,800.00 | दो करोड़ बावन लाख पाँच हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.02.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.03.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR.NO.346594 Rural Work Department(24-25):D


सऊदी अरब में होगी वार्ता

# अमेरिका-रूस वार्ता में शामिल नहीं होगा यूक्रेन




एजेंसी ▶▶| कीव

शीर्ष रूसी अधिकारी अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने और यूक्रेन के मुद्दे पर मंगलवार को सऊदी अरब में अमेरिकी समकक्षों के साथ वार्ता करेंगे। दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि उनका देश युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से इस सप्ताह होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता में शामिल नहीं होगा। जेलेंस्की ने कहा कि जब वार्ता में यूक्रेन शामिल नहीं होगा तो वह इसके परिणामों को भी स्वीकार नहीं करेगा। संयुक्त अरब अमीरात से एक कॉन्फ्रेंस कॉल पर पत्रकारों से बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सरकार को सऊदी अरब में मंगलवार को होने वाली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया है।

### ट्रंप ने पुतिन से मिलने के दिए थे संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह सऊदी अरब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। रियाद में होने वाली वार्ता में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के भी भाग लेने की उम्मीद है।

### नहीं निकलेगा कोई परिणाम



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वार्ता में यूक्रेन के अधिकारियों के अनुपस्थित होने के कारण इससे कोई परिणाम नहीं निकलेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि वह सोमवार को तुर्किए और बुधवार को सऊदी अरब की यात्रा करेंगे लेकिन अरब राष्ट्र की उनकी यात्रा का वहां मंगलवार को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता से कोई संबंध नहीं है।

## केरल : लहराए गए हमास आतंकियों के पोस्टर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पलक्कड़ में एक मस्जिद ने अपने वार्षिक उरुस कार्यक्रम के दौरान हमास के आतंकी नेताओं इस्माइल हनीयाह और याह्या सिनवार के फोटों और बैनर लहराए हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अब मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ लिया है। भारतीय जनता पार्टी मामले को लेकर राज्य सरकार पर पूरी तरह से हमलावर है।



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वितोलिना का दुबई में जीत से आगाज

**दुबई।** दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने पिछली उपविजेता रूस की अन्ना कालिंस्काया को दुबई चैंपियनशिप के पहले दौर में 6-1, 6-2 से हरा दिया। पिछले साल कालिंस्काया क्वालीफाइंग दौर के जरिए पहुंची थी और लगातार तीन शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों को हराया था जिसमें नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक शामिल है। इस बार हालांकि वह यूक्रेन की स्वितोलिना के सामने टिक नहीं सकी।

### जीव लीजेंड्स टूर पर 19वें स्थान पर रहे

**मारबेला।** भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह रविवार को यहां 2025 लीजेंड्स टूर की मारबेला



स्टेस्योर प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया। उन्होंने चार बर्डी की लेकिन एक बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए। उन्होंने कुल तीन अंडर के स्कोर से शीर्ष 20 में जगह बनाई। जीव ने पहले दो दौर में 68 और 73 का स्कोर बनाया था।साइमन ग्रिफिथ्स ने कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ लीजेंड्स टूर का सत्र का पहला टूर्नामेंट जीता।

### गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल रद्द

**गुलमर्ग।** पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का शनिवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा सत्र क्षेत्र में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया। इसकी नई तारीखों का ऐलान मौसम में सुधार होने पर किया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बताया, 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का जम्मू कश्मीर चरण स्थगित कर दिया गया है।' गुलमर्ग में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग, स्की पर्वतारोहण और स्नोबोर्डिंग स्पर्धाएं होनी थी। पहला चरण लेह में 23 से 27 जनवरी के बीच खेला गया जिसमें आइस हॉकी और आइस स्केटिंग स्पर्धाएं हुई थी।

### बुमराह की गैर मौजूदगी से उम्मीदें जगी: कायेस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरुल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के पास 20



फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा। कायेस ने कहा, 'भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है। लेकिन बुमराह टीम में नहीं है।









19 फरवरी से टूर्नामेंट का आगाज : 20 को भारत का पहला मैच

# चैंपियंस ट्रॉफी : बुमराह के बिना भारत की उम्मीदें शमी के जादू पर, पाक में नहीं लगा भारत का झंडा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादूगर सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं ?

प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे। बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंताएं भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। चौतीस वर्ष के शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ़ जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं।

### राहुल ने बड़े शॉट लगाने पर दिया ध्यान

**दुबई।** फिनिशर की भूमिका के लिए तैयारी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच से पहले सोमवार को भारतीय टीम के दूसरे अभ्यास सत्र में अपने बड़े शॉट लगाने के कौशल पर काम किया। हालिया श्रृंखला में आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले श्रेयस अय्यर ने भी अपने आक्रामक खेल पर काम किया। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने शानदार ड्राइव तथा पुल सहित कई शानदार स्ट्रोक लगाए। भारत के कप्तान रोहित शर्मा भी लय में दिखे। उन्होंने लेट कट और टच शॉट का अभ्यास किया। भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार विराट कोहली ने भी अपने कौशल को निखारने में समय बिताया। वह गेंद को बल्ले के बीच से और देर से खेलने की कोशिश करते हुए आत्मविश्वास से भरे दिखे।

### पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को होने जा रही है। ओपनिंग मैच में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगे। भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा। टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस द्वारा दावा किया गया है कि कराची स्टेडियम में भारतीय झंडे को नहीं लगाया गया है। आईसीसी के नियमों के मुताबिक, कोई भी देश अगर बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है तो उसे सभी हिस्सा लेने वाले देशों के झंडे लगाने होते हैं। हालांकि, कराची में आठ देशों के इस टूर्नामेंट के सात देशों के झंडे लगे दिख रहे हैं।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

## मालेवार और शोरे की फिफ्टी विदर्भ के 5 विकेट पर 308 रन



एजेंसी ▶▶| नागपुर

दानिश मालेवार के 79 रन और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के 74 रन की मदद से मेजबान विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बना लिए। टेस्ट टीम मे जगह बनाने का दावा फिर पुख्ता करने वाले करुण नायर ने 45 रन बनाए। वह शिवम दुबे की गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने के फैसले से खुश नहीं थे हालांकि उन्होंने डीआरएस लिया।

दो बार की चैंपियन टीम के लिए बड़ी साझेदारियां नहीं बन सकी लेकिन पहले दिन 88 ओवर में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया। मुंबई ने 13 नोबॉल डाली। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 18 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिए। दुबे ने नौ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट चटकाए और उनमें से एक में सूर्यकुमार यादव ने स्लिप में डाइव लगाकर शानदार कैच लपका।

मुंबई को और सफलताएं नहीं मिल सकी क्योंकि नयी गेंद संभालने वाले शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी विकेट लेने में नाकाम रहे। ठाकुर ने 14 ओवर में 57 और मोहित ने 61 रन दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर यश राठौड़ 47 और कप्तान अक्षय वाडकर 13 रन बनाकर खेल रहे थे।

### गुजरात पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई

**वडोदरा।** गुजरात जाइंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी। पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिये पहले दो मैचों में आस्ट्रेलियाई हरफनमौला एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्धशतक जमाया लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। जाइंट्स ने पहले मैच में 201 रन बनाये लेकिन इसके बावजूद हार गई।

## आरसीबी ने कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट के बाद कप्तान स्मृति मंधाना और डेनी व्याट हॉज के बीच शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

दिल्ली के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने कप्तान मंधाना की 47 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 81 रन की पारी खेली। डेनी व्याट हॉज (42 रन) के साथ उनकी पहले विकेट की 107 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 146 रन बनाकर



आसान जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम इससे पहले रेणुका (23 रन पर तीन विकेट), जॉर्जिया (25 रन पर तीन विकेट), किम गार्थ (19 रन पर दो विकेट) और एकता बिष्ट (35 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 19.3 ओवर में 141 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि उनके अलावा सिर्फ सारा ब्राइस (23) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाईं।

### पाकिस्तान में छाया क्रिकेट का खुमार

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में क्रिकेट का खुमार छाया है और प्रशंसक बुधवार से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। कई क्रिकेटप्रेमी निराश हैं कि भारतीय टीम अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेल रही है। कराची के सदर इलाके में मशहूर जेनब मार्केट के दुकानदार मोईज अहमद ने कहा, 'यह निराशाजनक है क्योंकि भारतीय टीम और खिलाड़ियों खासकर विराट कोहली को यहां काफी पसंद किया जाता है।' कॉलेज के छात्र काशिफ ने कहा कि वह हमेशा से कोहली के मुरीद रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह काफी विनम्र है जैसा कि हम मीडिया में देखते हैं।'

## जर्मनी के खिलाफ आज जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

**भुवनेश्वर।** खराब शुरुआत के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में मंगलवार को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ जीत की लय को कायम रखने उतरेगी। भारत को प्रो लीग के घरेलू चरण के पहले मैच में स्पेन ने 3-1 से हराया। इसके बाद भारतीय टीम ने हालांकि मजबूती से वापसी करते हुए रिटर्न मैच में



स्पेन को 2-0 से मात दी। दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत अब तालिका में आठवें स्थान पर है और अगले मुकाबले जीतकर ऊपर जाना चाहेगा। शनिवार को ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने रविवार को जबर्दस्त खेल दिखाते हुए मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह के गोल के दम पर जीत दर्ज करके पूरे तीन अंक हासिल किया। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन हालांकि पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं हो पाने से परेशान होंगे।

### भारत का दबदबा : 20 साल में बनाए 6000 से अधिक रन

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा रहा है। 1998 से 2017 के बीच इस आईसीसी टूर्नामेंट के 8 संस्करणों में 13 टीमें खेली हैं। रन बनाने के मामले में भारत सबसे आगे है। भारत ने 29 मैच की 28 पारियों में 41.87 के औसत से 6156 रन बनाए हैं। इंग्लैंड ने 25 मैच की 25 पारियों में 32.63 के औसत से 5907 रन बनाए हैं। श्रीलंका ने 27 मैच की 27 पारियों में 32.15 के औसत से 5884 रन बनाए हैं। द.अफ्रीका ने 24 मैच की 24



पारियों में 32.22 के औसत से 5479 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड ने 24 मैच की 24 पारियों में 27.97 के औसत से 5232 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 24 मैच की 24 पारियों में 34.12 के औसत से 4914 रन बनाए हैं।


CRGB

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक

(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)

क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर, कुसुमतारा कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, हनुमान गली, न्यू महामाया रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)

Email : npa.ro.amb@gmail.com I Mobile No. 6232033092

**अचल सम्पत्ति नीलामी सूचना : जहाँ है एवं जैसी है स्थिति में (नीलामी तिथि 21.03.2025)**

अधोहस्ताक्षरकर्त्ता छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं धारा 13(4) प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न दर्शित ऋणी के स्वामित्व वाली सम्पत्ति जिसका अधिग्रहण **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के द्वारा कर लिया गया है, ऋणी से देय राशि वसूली हेतु सम्पत्तियों की सार्वजनिक नीलामी, सीलबंद निविदा के रूप में आमंत्रित करता है एवं ऋण ग्रहिताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रभार के अधीन होगा।

| संबंधित शाखा एवं ऋणी की जानकारी | संपत्ति स्वामी का नाम/ संपत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | कब्जा तिथि/ कब्जे का प्रकार | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य लाख में | धरोहर राशि/बयाना राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शाखा- अंबिकापुर ऋणी (1) श्रीमती स्नेह सिंह पिता श्री प्रहलाद सिंह**, पता- ग्राउंड फ्लोर, C/o. सौरभ भारती, रामनिवास कॉलोनी राजमोहनी देवी वार्ड, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) **जमानतदार (1) श्री मनोज भारती पिता श्री मार्कण्डेय भारती**, पता- वार्ड न.43, दर्रीपारा, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) 497001 **(2) श्री मानवेंद्र सिंह गौर पिता रौशन सिंह गौर**, पता रामनिवास कॉलोनी राजमोहनी देवी वार्ड, अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) -497001 | **संपत्ति के मालिक- श्री मनोज भारती पिता श्री मार्कण्डेय भारती**, मौजाः ख. नं. 171/17, प.ह.नं. 21, पता- वार्ड न. 43, दर्रीपारा, अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) -497001, RI सर्किल अम्बिकापुर 6, वार्ड- गंगापुरखुर्द, नगर निगम अम्बिकापुर तहसील- अम्बिकापुर, जिला- सुरगुजा (छ.ग.) कुल क्षेत्रफलः 0.083 हे. (भूमि + भवन) **चौहद्दीः उत्तर में**- पक्की सड़क, **दक्षिण**- खसरा नंबर 168 की भूमि, **पूर्व में** प्रस्तावित रास्ता, **पश्चिम में**- मधुलिका सिंह की भूमि। | 01.03.2024 | 09.05.2024 सांकेतिक कब्जा | 1,05,50,362/- + ब्याज + अन्य व्यय | 2,80,00,000/- | 28,00,000/- |

**नीलामी दिनांक 21/03/2025, दिन- शुक्रवार, समय शाम 04.00 बजे**, स्थान- क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर (छ.ग.)- 497001 **(संपति के निरीक्षण हेतु बैंकिंग कार्यदिवस को 11.00 से 5.00 के बीच में सम्बंधित शाखा/ क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करें)।**

**नीलामी की शर्तें :-** 1. यह कि इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, शाखा अंबिकापुर** के पक्ष में धरोहर राशि का भुगतान आदेश/मांग ड्रॉफ्ट धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा। 2. इस नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र के साथ **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय,अंबिकापुर** के पास दिनांक **20/03/2025** शाम **5.00** बजे तक निविदा जमा किया जा सकता है जिसमें **(अ)** निविदाकर्ता का नाम, पता, आयु ,व्यवसाय तथा फोटो, पहचान पत्र आधार कार्ड पैन कार्ड आदि **(ब)** प्रकरण का नाम, निविदाकृत संपत्ति का विवरण **(स)** बोली की राशि **(द)** धरोहर राशि के बैंक ड्रॉफ्ट/पे आर्डर का नंबर, दिनांक एवं राशि का विवरण **(इ)** निविदाकर्ता का हस्ताक्षर तिथि सहित आवश्यक रुप से दें। इच्छुक निविदाकर्ता निविदा फार्म हमारे उपरोक्त कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। 3. यह कि उपरोक्त सम्पत्ति का विक्रय ऊपर दर्शाये गये, नियत मूल्य से कम नहीं किया जायेगा एवं संपत्ति की नीलामी दिये गये आरक्षित राशि से बढ़ाकर निविदा स्वीकार करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा। 4. नियम व शर्तों के अधीन पूर्णरूपेण सही, सर्वाधिक बोली पाये जाने वाली सील बंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा व अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश ,मांगड्रॉफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा। 5. सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की **अंबिकापुर शाखा** के पक्ष में नगद/भुगतान आदेश/मांगड्राफ्ट तुरंत (24 घंटे के अंदर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गई राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष राशि 75 प्रतिशत को विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी एवं उक्त सम्पत्ति की पुनः नीलामी की जावेगी। 6. सम्पत्ति की नीलामी **जहां है जैसी है (As is where is and what is basis)** के आधार पर तथा वित्तीय आस्तियों व प्रतिभूति करण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 एवं उसके नियमों के अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। 7. यह कि सम्पत्ति की साविधिक देयताएं (बिजली व्यय, प्रापर्टी टैक्स, सोसाइटी टैक्स आदि) एवं विक्रय रजिस्ट्री आदि व्यय क्रेता को स्वंय वहन करना होगा। यह कि सम्पत्ति की समस्त देयताओं का भार क्रेता पर होगा। 8. सम्पत्ति के विक्रय हेतु प्राप्त किये मूल प्रस्ताव अहस्तांतरित होंगे एवं किसी भी निविदा/नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमेटी का होगा। 9. बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चों के जमा करने के पश्चात ही सुपुर्द किए जावेंगे। 10. नीलामी से जुड़े समस्त अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होंगे एवं कमेटी का निर्णय सर्वमान्य होगा।

**वैधानिक सूचनाः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणी/जमानतदारों/ विधिक वारिसान को प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के तहत नीलामी राशि, तिथि एवं स्थान सम्बंधित सूचना दी जा रही है साथ ही सूचित किया जाता है कि नीलामी हेतु नियत तिथि तक बकाया ऋण राशि, मय ब्याज एवं समस्त खर्चो सहित संपूर्ण भुगतान प्राप्त न होने की स्थिति में उक्त सम्पत्ति का विक्रय सम्पन्न कर दिया जावेगा एवं इसके पश्चात यदि कोई देयता बाकी रहती है तो बैंक ऋणी/जमानतदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिये स्वतंत्र होगा एवं नीलामी के पश्चात बकाया ऋण राशि की वसूली ऋणी एवं जमानतदारों से की जायेगी।**

दिनांकः 17.02.2025 प्राधिकृत अधिकारी





सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

महिलाओं के लिए विशेष आवास ऋण योजना

Special Housing Loan Scheme for Women

सेन्ट गृहलक्ष्मी @ 8.10%

- शून्य प्रसंस्करण शुल्क
- कोई पूर्व-भुगतान शुल्क नहीं
- Zero processing charges
- No pre-payment charges

Give a Missed Call on 922 390 1111

www.centralbankofindia.co.in | Follow us on: CentralBankofIndia | Toll-free no.: 1800 30 30 | 7900 123 123



# पहाड़ी में छिपा मिला 27 हजार साल पुराना पिरामिड

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

इंडोनेशिया में दुनिया का सबसे पुराना पिरामिड मिलने का दावा खोजकर्ताओं ने किया है। पश्चिम जावा में ये जगह मिली है, जिसका इतिहास हजारों वर्ष पुराना माना जा रहा है। इस पिरामिड को स्थानीय लोग गुनुंग पडंग यानी ज्ञान का पहाड़ कहते हैं। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह पहाड़ नहीं बल्कि एक पिरामिड है और ये गीजा के पिरामिड और स्टोनहेंज से भी पुराना हो सकता है। ऐसे में यह खोज मानव सभ्यता के विकास के बारे में इंसानी समझ को चुनौती देगी। एक्सपर्ट का कहना है कि आने वाले दिनों में इस जगह से जुड़े नए खुलासे हो सकते हैं।

## इंडोनेशिया की प्राचीन इमारत का गीजा से भी प्राचीन इतिहास!



### खुदाई में दिलचस्प खुलासे

इस जगह की शोधकर्ता जैसे-जैसे खुदाई आगे बढ़ा रहे हैं, उन्हें एक विशाल ढांचे के सबूत मिल रहे हैं। यह जगह प्राचीन बिल्डरों की कुशलता का प्रमाण है, जिन्होंने कृषि या ज्ञात सभ्यताओं के आने से बहुत पहले उन्नत वास्तुशिल्प का निर्माण किया था। इसका निर्माण प्रागैतिहासिक मानव की तकनीकी क्षमताओं और सामाजिक संगठन के बारे में गंभीर प्रश्न उठाता है। गुनुंग पडंग का स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय से सांस्कृतिक महत्व रहा है, जो इसे 'पुंडेन बेरुंडक' यानी सीढ़ीदार पिरामिड के रूप में मान्यता देते हैं।

### संरचना को पहाड़ी समझ रहे थे लोग

इंडोनेशियाई वैज्ञानिकों की एक टीम ने हाल ही में पाया कि गुनुंग पडंग साधारण प्राकृतिक पहाड़ी नहीं, बल्कि प्राचीन समय में बना पिरामिड हो सकता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि इस संरचना का निर्माण एक विलुप्त ज्वालामुखी के कठोर लावा प्रवाह का उपयोग करके किया गया, जिसे एक स्थिर आधार बनाने के लिए जटिल रूप से बदला गया होगा। गुनुंग पडंग के भूकंपीय अध्ययनों से पता चला है कि इसके भीतर बड़ी छिपी हुई सुरंग और कक्ष हो सकते हैं। इनमें से कुछ 15 मीटर तक लंबी हैं और इनकी छत 10 मीटर की ऊंचाई पर है।

रोचक खबरें

## नहीं छिप पाएगी धरती की कोई हलचल, बाज की तरह नजर रखेगा भारत-अमेरिका का 'निसार'



**नई दिल्ली।** निसार प्रोजेक्ट नाम का यह मिशन पृथ्वी के सतह का अध्ययन करने के लिए एक द्विपक्षीय रडार मिशन है। इसके अलावा इस मिशन के जरिए जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर भी स्टडी की जाएगी। बता दें कि यह मिशन मार्च 2025 को लॉन्च हो सकता है।

**धरती की निगरानी करेगा मिशन :** नासा के साथ भारत के इस महत्वाकांक्षी मिशन निसार (नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) को जल्द लॉन्च किया जाएगा। इस मिशन में इसरो एक सिंथेटिक एपर्चर रडार को अंतरिक्ष में भेजेगा, जो धरती पर होने वाली सभी भौगोलिक बदलावों को बिना किसी रुकावट के ट्रैक करेगा।

### भूकंप को करेगी मॉनीटर

निसार सैटेलाइट दुनिया की पहली डुअल फ्रिक्वेंसी रडार इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसमें नासा के एल- बैंड ( 1.25 गीगाहट्र्ज) और इसरो के एस-बैंड ( 3.2 गीगाहट्र्ज) दोनों रडार लगे हैं। यह टेक्नोलॉजी भूकंप को मॉनीटर करने, ग्लेशियर में हलचल, वनों की कटाई और प्राकृतिक आपदाओं से बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान को भी मॉनीटर करेगा।

### गगनयान मिशन की भी तैयारी

निसार मिशन के अलावा भारत इस साल गगनयान मिशन के तहत एक अनक्रूड मिशन को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजेगा। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजने की तैयारी का ही एक हिस्सा है। गगनयान मिशन के लिए भारत ने 20,193 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। यह मिशन भारत के एक अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के साथ जुड़ा हुआ है।

## छोटे रोबोट्स की जगह जिंदा कॉकरोचों का होगा इस्तेमाल, कई काम निकलवाएंगे साइंटिस्ट्स



**लंदन।** फिल्मों में ऐसा बहुत देखा गया है। एक आधा इंसान और आधा रोबोट वाला शख्स या दो दुनिया बचाने का काम कर रहा होता है या फिर दुनिया तबाह कर रहा होता है। इस तरह से इंसान और मशीन का मिश्रण को साइबोर्ग कहते हैं। वे अभी तक केवल विज्ञान फंतासी का ही हिस्सा रहे हैं। वैज्ञानिक भी इसे सच बनाने की संभावनाओं पर काम कर रहे हैं। लेकिन, इसी दिशा में उन्होंने एक अहम सफलता पाई है। उन्होंने साइबोर्ग कॉकरोच बनाया है, जो कई कामों में इंसानों के लिए चमत्कारी साबित हो सकते हैं। इनमें बचाव कार्य सबसे अहम हैं। कॉकरोच की सबसे खास बात ये होती है चरम विपरीत वातावरण में भी रह सकते हैं। वे कम संसाधनों में भी कम जरूरतों के साथ रह सकते हैं।

### अलग से रोबोट बनाने की जरूरत नहीं


वैसे तो वैज्ञानिक महीने कीड़े नुमान रोबोट बनाने में बहुत आगे निकल गए हैं, लेकिन ओसाका यूनिवर्सिटी के मोचाम्माद अरियान्टो और इंडोनेशिया के यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय के उनके सहयोगियों ने कुछ हट कर सोचा है। उनका मकसद छोटे पैमाने की मशीनें बनाने के बजाय कीटों की ही कुदरती काबिलियतों का ही इस्तेमाल करना है।

### सबसे बड़ा फायदा

सामान्य बड़े रोबोट के विपरित कॉकरोच बहुत ही छोटी छोटी जगहों में, यहां तक कचरे और मलबे में भी घुसपैठ कर सकते हैं। उन्हें इसके लिए अलग से ऊर्जा की जरूरत नहीं होगी ना ही बैटरी आदि का झंझट होगा। अरियोंटो का कहना है कि कीड़ों में केवल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जोड़ कही रोबोटिक इंजीनियरिंग के बारीकियों से बचा जा सकता है और मकसद हासिल किए जा सकते हैं। ऐसे कॉकरोच भूकंप, बाढ़, आगजनी की घटनाओं से पैदा हुए मुश्किल हालात में काम आ सकते हैं, जहां इसानों का पहुंचना बहुत ही ज्यादा जोखिम भरा हो जाता है।

# क्या हम सब मंगल ग्रह के वंशज हैं? नई रिसर्च से चौंकाने वाला खुलासा!

*न्यूयार्क। वैज्ञानिकों ने जीवन की उत्पत्ति को लेकर एक चौंकाने वाली खोज की है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक जीवन की शुरुआत अब तक के अनुमान से सैकड़ों मिलियन साल ज्यादा, लगभग 4.2 अरब साल बताई जा रही है। इसका मतलब यह हुआ कि धरती पर जीवन की शुरुआत उम्मीद से कहीं ज्यादा जल्दी हुई। लगभग उतनी ही तेजी से, जितनी तेजी से यह रहने लायक बनी। धरती पर जीवन की उत्पति को लेकर वैज्ञानिकों के बीच दशकों से बहस चल रही है। अब एक नई रिसर्च में दावा किया गया है कि जीवन की शुरुआत अब तक के अनुमान से कई सौ मिलियन साल पहले ही हो चुकी थी। नेचर इकोलॉजी एंड एवोल्यूशन में प्रकाशित एक अहम अध्ययन में वैज्ञानिक एडवर्ड मूडी और उनकी टीम ने जीवन के सबसे पुराने पूर्वज यानी 'लास्ट यूनिवर्सल कॉमन एंसेस्टर' की उम्र 4.09 से 4.33 अरब साल बताई है। यह उम्र अब तक के फॉसिल रिकॉर्ड पर आधारित अनुमानों से कई सौ मिलियन साल अधिक है।*



### धरती पहले पूरी तरह बंजर थी?

अब तक माना जाता था कि धरती पर जीवन की शुरुआत 'लेट हेवी बॉम्बार्डमेंट' के बाद ही हुई थी। यह वह दौर था, जब 4.1 से 3.8 अरब साल पहले धरती पर उल्काओं और धूमकेतुओं की लगातार बारिश हो रही थी। वैज्ञानिकों का मानना था कि इस भीषण टकराव से पूरी पृथ्वी जल गई होगी, जिससे जीवन पनपने की कोई संभावना नहीं थी। लेकिन, अब कुछ वैज्ञानिक एलएचबी की तीव्रता पर सवाल उठा रहे हैं। क्या यह टकराव सच में इतना भयानक था कि उसने धरती को पूरी तरह से निर्जीव बना दिया? नए शोध बताते हैं कि जीवन की शुरुआत इससे पहले ही हो सकती थी, और एलयूसीए शायद इस कठोर परिस्थितियों में भी बचा रहा होगा।

### तो बदल जाएगा ब्रह्मांड को देखने का नजरिया

धरती पर अब तक सैकड़ों मंगल ग्रह के उल्कापिंड मिल चुके हैं, जो यह साबित करते हैं कि मंगल की चट्टानें कभी-न-कभी हमारी पृथ्वी तक पहुंची हैं। अगर पैनस्पर्मिया थ्योरी सही है, तो इसका मतलब हो सकता है कि धरती पर जीवन की असली जड़ें मंगल में थीं। । हालांकि, इस पर अभी भी शोध जारी है, लेकिन अगर भविष्य में इस पर ठोस सबूत मिलते हैं, तो यह हमारे ब्रह्मांड को देखने के नजरिए को पूरी तरह बदल सकता है!

### क्या धरती पर जीवन किसी और ग्रह से आया?

धरती पर जीवन की तेजी से शुरुआत ने वैज्ञानिकों के सामने एक बेहद रोमांचक सवाल खड़ा कर दिया है—क्या जीवन धरती पर पैदा हुआ था, या यह किसी और ग्रह से आया था? यही विचार 'पैनस्पर्मिया' थ्योरी के रूप में जाना जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार, जीवन किसी अन्य ग्रह पर विकसित हुआ और उल्कापिंडों के जरिए धरती पर पहुंचा। हालांकि, यह एक पुराना विचार है जिसे अक्सर खारिज कर दिया जाता है, क्योंकि यह गणितीय रूप से बेहद असंभव माना जाता है। अगर कोई उल्कापिंड सौर मंडल के बाहर से आया होता, तो उसकी यात्रा लाखों-करोड़ों साल लंबी होती और इस दौरान तेज रेडिएशन किसी भी जीवित कोशिका को नष्ट कर देता। साथ ही, इतनी दूर से आने वाली कोई भी वस्तु ज़्यादा संभावना से सूर्य या बृहस्पति की तीव्र गुरुत्वाकर्षण शक्ति में फंस जाती, बजाय इसके कि वह धरती तक पहुंचे।

### क्या मंगल से आया जीवन?

लेकिन कहानी पूरी तरह बदल जाती है, अगर यह जीवन मंगल ग्रह से आया हो। वैज्ञानिक ये कहते हैं कि यह पूरी तरह संभव है कि मंगल पर जीवन पहले विकसित हुआ हो और फिर किसी उल्कापिंड के जरिए धरती तक पहुंचा हो। दरअसल, मंगल और पृथ्वी लगभग एक ही समय बने थे, लेकिन मंगल बहुत जल्दी ठंडा हो गया। वैज्ञानिक रिकॉर्ड बताते हैं कि मंगल पर उसकी शुरुआती दिनों में भरपूर पानी था, यानी वह जीवन के लिए अनुकूल हो सकता था। मंगल पर चंद्रमा जैसा कोई बड़ा उपग्रह नहीं था, जिससे उसकी सतह पर शुरुआती उथल-पुथल कम हुई और जीवन पनपने के लिए अधिक समय मिला। चूंकि, मंगल की गुरुत्वाकर्षण शक्ति पृथ्वी से कम है, इसलिए जब कोई उल्का मंगल की सतह से टकराती थी, तो वहां से चट्टानों के टुकड़े अंतरिक्ष में आसानी से छिटक जाते थे और सौर मंडल में फैल जाते थे।

## कलमीडुग्गू में एक साथ निकली सात लोगों की अंतिम यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

सोमवार की सुबह दर्री क्षेत्र की कलमीडुग्गू बस्ती में उस समय चित्कार उठी जब एक साथ बस्ती में रहने वाले 7 लोगों की अर्थी उठी। बस्ती के चारों तरफ चीख पुकार मची हुई थी जहां गमगीन माहौल में प्रगतिनगर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया जबकि दो लोगों का अंतिम संस्कार पड़ोसी जिले मुंगेली के लोरमी और एक का जांजगीर-चांपा के खरौद में अंतिम संस्कार किया गया। सभी मृतक महाकुम्भ जाते समय सडक़ हादसे में 10 लोगों की मौत हुई थी।

- प्रयागराज से लौटने के दौरान 10 लोगों की सड़क हादसे में हुई थी मौत

उल्लेखनीय है कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्मीडुग्गू बस्ती निवासी ईश्वरी जायसवाल 45 वर्ष , भागीरथी जायसवाल 47 वर्ष, गंगादास वर्मा 53 वर्ष, दीपक वर्मा 23 वर्ष, संतोष सोनी 54 वर्ष, सौरभ सोनी 26 वर्ष, शिवा राजपूत 62 वर्ष, राजू साहू 38 वर्ष, सोमनाथ यादव 27 वर्ष, अजय बंजारे 45 वर्ष कुल 10 लोग बोलेरो वाहन में सवार होकर पिछले दिनों प्रयागराज जाने के दौरान मेजा रोड में हुए एक भीषण सडक़ हादसे में काल कलवित हो गए। 2 दिनों के बाद मृतकों के शव रविवार रात कोरबा पहुंची। शवों के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उन्हें सांत्वना देने मोहल्ले के लोग भी पहुंचे। सोमवार को 7 लोगों की अंतिम यात्रा बस्ती से एक साथ निकाली गई।

### उद्योग मंत्री ने परिजनों को दी 1-1 लाख की सहायता राशि

दर्री क्षेत्र के कलमीडुग्गु, प्रगतिनगर के 10 लोगों की कुम्भ यात्रा के दौरान सडक़ हादसे में दुखद निधन के पश्चात रविवार की देर रात सभी के शव कोरबा लाये गए। सोमवार की सुबह उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन सभी शोकाकुल परिवार के निवास पर पहुंचकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों से भेंटकर अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने अपने स्वेच्छानुदान मद से सभी 10 मृतकों के परिवारजनों को 1-1 लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

अब वैज्ञानिकों ने डीएनए से पहचाना

## 130 साल तक रहस्य बना रहा सीरियल किलर जैक द रिपर

**लंदन।** दुनिया में कई आपराधिक मामले अनसुलझे हैं। कुछ तो दशकों नहीं, सदियों पुराने हैं। अक्सर ऐसे मामले कुछ दशकों में बंद हो जाते हैं। पर कई बार संयोग से किसी तरह का खुलासा होने पर ऐसे मामले ना केवल चर्चा में आते हैं, बल्कि खुल कर सुलझते भी देखे गए है। एक सौ साल पुराना मामला एक गुत्थी सुलझने से इन दिनों चर्चा में हैं। लंदन शहर के इस हत्याकांड पर कई फिल्में बन चुकी हैं और आज लोग जैक द रिपर को शायद आपराधिक मामले से कम फिल्मों के नाम से ज्यादा जानते हैं। पर वैज्ञानिकों ने 130 साल बाद इस असली सीरियल किलर की पहचान करने में सफलता पा ली है।



### क्या था जैक द रिपर का मामला

यह मामला कुछ दशक पुराना नहीं, बल्कि 1888 का है। उस समय एक हत्यारे ने एक के बाद एक 5 महिलाओं की बेरहमी से हत्या कर लंदन सहित दुनिया भर में सनसनी फैला दी थी। सीरियल किलर की हत्याओं का इन मामलों ने लंबे समय तक ब्रिटेन की पुलिस को उलझाए रखा और हत्यारा जैक द रिपर के नाम से मशहूर हो गया था जो महिलाओं को बेरहमी से हत्या कर रहा था।

### एक शॉल में मिला सुराग

साल 2007 में लेखक और रिपर पर रिसर्च करने वाले रसेल एडवर्ड ने इक पीड़िता कैथरीन एडोइस की शॉल हासिल कर ली थी, उन्हें यह शॉल एक नीलामी में मिली थी। अब हाल ही में एडवड्र्स ने उस शॉल पर लगे खून के धब्बों से डीएनए निकाला और उसके जरिए यह पता लगा सके कि यह डीएनए असल में एक शख्स ऐरोन कोमिन्स्की का है।

### एक्सपट्र्स ने की पुष्टि

ऐलान करने से पहले एडवड्र्स ने विशेषज्ञों की टीम बुलाई जिसमें फॉरेंसिक वैज्ञानिक शामिल थे। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि डीएनए मैचिंग बिल्कुल सही है। डेलीमेल के मुताबिक उसके बाद ही हत्यारे की सटीक पहचान की पुष्टि हो सकी।

## एलियन्स ने किया किडनैप, एक घंटे तक बनाए रखा बंधक, शख्स ने बताया कैसे दिखते थे वो

**वॉशिंगटन।** एलियन और यूएफओ देखे जान की घटनाएं कम नहीं हैं। हैरानी की बात ये तक है कि दुनिया में कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां एलियन दिखने की रिपोर्ट ज्यादा ही की गई हैं। ऐसे ही एक इलाका, स्कॉटलैंड का एक गांव है जहां दो लोगों ने ना केवल यूएफओ देखा था, बल्कि उनका दावा है कि उन्हें एक छह फुट के एलियन ने किडनैप तक कर लिया था। इस कहानी की गहन पड़ताल तक हुई थी और इसकी कई व्याख्याएं तक की गई थी।

### यूएफओ की राजधानी

यूके के स्कॉटलैंड में फॉर्किर्क ट्राएंगल के नाम से मशहूर ऐसी ही एक जगह है, जहां यूएफओ देखे जाने की बहुत सी रिपोर्ट की गई हैं। फाल्किर्क , ग्सालगो और एडिनबर्ग के बीच का है। इसी इलाके का एक गांव बोनी ब्रिज दुनिया की यूएफओ की राजधानी कहा जाता है। यहां यूएफओ देखे जाने से लेकर अपहरण तक की कहानियां सुनने को मिलती हैं।



### एक उड़नतश्तरी आई

यहां 1992 में गैरी वुड और कोलिन राइड के साथ विचित्र अनुभव हुआ था। जब वे दक्षिण लैनार्कशायर के टैराब्रैक्स में सैटेलाइट टीवी डिलिवर करने जा रहे थे। एक रिपोर्ट मुताबिक तब एलियन्स ने उनका अपहरण कर लिया। रात के 10 बजे उन्हें आसमान में एक अलग से काली सी चीज दिखी जो नीचे आ रही थी। करीब 30 फुट चौड़ी यह चीज नीचे से गोल थी। फिर 10 से 15 सेकेंड के लिए सबकुछ अंधकार से भर गया था। जब उन्हें होश आया तो उनकी कार दूसरी ही दिशा में पड़ी थी। पर जब उन्होंने समय देखा तो करीब एक घंटा हो चुका था।

### कैसा दिखाई दिया एलियन

1996 में ग गैरी ने बताया कि उन्होंने उनकी कार की ओर आते हुए तीन लोगों को देखा। उस समय उन्हें बिजली के झटके जैसा तेज दर्द हो रहा था। इसके बाद उन्होंने खुद को किसी कमरे में पाया जहां ये लोग उनके शरीर के साथ कुछ कर रहे थे। लेकिन, फिर एक छह फुट का जीव उनके पास है। सफेद भूरे रंग के इस जीव का सिर बड़ा था और आंखें गहरी थी। लंबी गर्दन थी, लेकिन उसके कंधे और कमर बहुत पतले थे। इंसानों के जैसी भुजाएं थी, लेकिन केवल चार लंबी उंगलियां थीं। इसके पहले और बाद में भी कई यूएफओ देखे जाने की रिपोर्ट हुईं।

## बादशाह और मसक्कली समेत 400 कबूतर चोरी, कीमत 10 लाख रुपए

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ से चोरी का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स के 400 कबूतर चोरी हो गए। चोरी हुए कबूतरों की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। शिकायत मिलने के बाद मेरठ पुलिस ने 400 कबूतरों की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर रही है। हालांकि, कबूतर कारोबारी का आरोप है कि पड़ोसी ने ही कबूतरों की चोरी की है।

पूरा मामला थाना लिसाड़ी गेट का है। यहां के रहने वाले हाजी कय्यूम पिछले 20 साल से कबूतरों का व्यापर कर रहे है। कबूतरों को लड़ाने के साथ ही उनके मीट का व्यापर करते आ रहे है। उनका कहना है कि रविवार की रात को उनके छत से बादशाह और मसक्कली समेत 400 कबूतरों की चोरी हो गई। हाजी कय्यूम का दावा है कि एक कबूतर के जोड़े की कीमत 50 हजार तक थी। इसके बाद वे थाना लिसाड़ी गेट पहुंचकर



मुकदमा दर्ज करवाया। कबूतर चोरी का मामला सामने आने के बाद पुलिस भी हैरत में आ गई।

### सुबह खुला चोरी का राज

सोमवार सुबह जब हाजी कय्यूम अपनी छत पर कबूतरों को दाना डालने पहुंचे तो उन्हें एक भी कबूतर नजर नहीं आया। पहले उन्हें लगा कि शायद कबूतर उड़ गए होंगे, लेकिन जब उन्होंने चारों ओर तलाश की और छानबीन की तो चोरी की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### पड़ोसी पर शक

कबूतर मालिक हाजी कय्यूम का आरोप है कि चोरों ने पड़ोसी के यहां बन रहे निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरी हुए कबूतरों की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है। हाजी कय्यूम के मुताबिक चोरी हुए कबूतर अलग-अलग नस्ल के थे। फिलहाल, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कबूतरों के साथ ही चोरों की तलाश भी शुरू कर दी है। कबूतर चोरी का यह मामला सुर्खियों में हैं।

### इलाके में फैली सनसनी

विदेशी नस्ल के इतने महंगे कबूतरों की चोरी से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल, इस अनोखी चोरी को लेकर शहर भर में चर्चा हो रही है और लोग इस वारदात को लेकर अचंभित हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com